मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामलला के जन्मोत्सव रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

।। दशकों पुराना साथ।।

दैनिक गरीबों का सितारा

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

RNI : RAJHIN13216/2005

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

श्री रामनवमी

वर्ष: 17 अंक: 247 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, गुरुवार 30 मार्च, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

# जयपुर सीरियल ब्लास्ट के सभी आरोपी बरी हुए

## जिला कोर्ट ने सुनाई थी फांसी की सजा, हाईकोर्ट ने पलटा फैसला



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जयपुर में हुए सीरियल बम ब्लास्ट केस में बुधवार को हाईकोर्ट ने सभी चार आरोपियों को बरी कर दिया। जस्टिस पंकज भंडारी और समीर जैन की बेंच ने कहा कि जांच अधिकारी को कानून की जानकारी नहीं है। वहीं राज्य सरकार फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि घटना को लेकर जनभावना जुड़ी है, लेकिन कोर्ट कानून और सबूतों के आधार पर फैसला देता है। बता दें कि 13 मई 2008 को जयपुर में सीरियल ब्लास्ट हुए थे। इसमें 71 लोगों की जान चली गई थी, जबकि 185 घायल हुए थे। 2019 में जिला कोर्ट ने मोहम्मद सैफ, सैफुर्रहमान, सरवर आजमी और मोहम्मद सलमान को हत्या, राजद्रोह और विस्फोटक अधिनियम के तहत फांसी की सजा सुनाई थी। इसके बाद सभी आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील की थी। 48 दिनों से चल रही सुनवाई पूरी होने पर आरोपियों के वकील सैयद सदत अली ने बताया कि हाईकोर्ट ने एटीएस की पूरी थ्योरी को गलत बताया है। इसी वजह से आरोपियों को बरी कर दिया गया। वहीं, एडिशनल एडवोकेट जनरल (अअऋ) राजेश महर्षि ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। इसकी तैयारी कर रहे हैं।

1. एटीएस को 13 सितंबर 2008 को पहला डिस्क्लोजर स्टेटमेंट मिला, लेकिन जयपुर ब्लास्ट 13 मई 2008 को हो गया था। इस चार महीने के अंदर एटीएस ने क्या कार्रवाई की। क्योंकि इस चार महीने में एटीएस ने विस्फोट में इस्तेमाल की गई साइकिलों को खरीदने के सभी बिल बुक बरामद कर ली थी तो एटीएस को अगले ही दिन किसने बताया था कि यहां से साइकिल खरीदी गई हैं।
2. कोर्ट ने कहा कि साइकिल खरीदने की जो बिल बुक पेश की गई है, उन पर जो साइकिल नंबर हैं, वे सीज की गई साइकिलों के नंबर से मैच नहीं करते हैं। यह थ्योरी भी गलत मानी गई है।
3. कोर्ट ने एटीएस की उस थ्योरी को भी गलत माना कि आरोपी 13 मई को दिल्ली से बस से हिंदू नाम से आए हैं, क्योंकि उसका कोई टिकट पेश नहीं किया गया। साइकिल खरीदने वालों के नाम अलग हैं, टिकट लेने वालों के नाम अलग है। कोर्ट ने यह भी कहा कि साइकिल के बिलों पर एटीएस अफसरों द्वारा छेड़छाड़ की गई है।

# कारोबारियों के 18 ठिकानों पर इनकम टैक्स की रेड

## विभिन्न जिलों से टूरिस्ट बनकर पहुंचे आयकर अधिकारी

गरीबों का सितारा

**अजमेर।** अजमेर के दो और केकड़ी के एक प्रमुख कारोबारी के कुल 18 ठिकानों पर इनकम टैक्स की टीमों

### कर्मचारियों के ठिकाने खंगाले



ने बुधवार को रेड की कार्रवाई को अंजाम दिया। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा, भरतपुर और अजमेर संभाग के विभिन्न जिलों से इनकम टैक्स प्राइवेट वाहनों में टूरिस्ट बनकर सुबह 5 बजे अजमेर पहुंचे। गेगल स्थित ग्रेनाइट कटर इंडस्ट्री, आनासागर लिंक रोड निवासी आयरन कारोबारी और केकड़ी के ग्रेनाइट कारोबारी के की फर्म, फार्म हाउस, बंगले, खदान और दुकानों पर दबिश के दौरान हथियारबंद पुलिसकर्मी मौजूद रहे। एकाएक हुई रेड से कारोबार जगत में हड़कंप मच गया। देर शाम तक रेड की कार्रवाई जारी थी। फिलहाल इनकम टैक्स ने तीनों कारोबारियों की अघोषित आय का खुलासा नहीं किया है। रेड के दैरान आयकर के प्रिंसिपल डायरेक्टर सुधांशु शेखर झा, एडीशनल डायरेक्टर डॉ. कमलेश कुमार मीणा, असिस्टेंट डायरेक्टर अक्षय काबरा मौजूद थे। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट सूत्रों के अनुसार विभाग के अफसरों को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। मुखबिर ने बड़ी टैक्स चोरी की जानकारी दी थी, इसके बाद आयकर मुख्यालय के दिशा-निर्देशों पर राज्य के सातों संभाग के विभिन्न जिलों से टीमें गठित कर अलसुबह 5 बजे कार्रवाई के लिए भेजा गया। टीम ने तीनों कारोबारियों के कुल अठारह ठिकानें खंगालें। व्यापारियों के ठिकानों पर रेड कर हिसाब-किताब, कंप्यूटर हार्डडिस्क, स्टॉक रजिस्टर, बैंक खातों के डिटेल, लॉकर्स की जानकारी से जुड़े अहम दस्तावेज बरामद किए हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि कारोबारियों ने कहां-कहां पैसा इंवेस्ट कर रखा है।

### कर्मचारियों के ठिकानें खंगाले, आयकर अफसरों ने की पूछताछ

आयकर रेड के दौरान तीनों कारोबारियों के कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई। इनकम टैक्स विभाग के अफसरों ने इनमें से कुछ कर्मचारियों के ठिकानों जाकर तफ्तीश की है। विभाग को यह सूचना मिली थी कि कारोबारियों ने कर्मचारी के घरों पर नकदी रखवा रखी है। हालांकि मौके से कुछ बरामद नहीं हुआ।

# जयपुर ब्लास्ट के आरोपियों के बरी होने पर बीजेपी नाराज

## पूनिया बोले : न्यायिक पैरवी में हुई लापरवाही, तुष्टिकरण कर रही कांग्रेस


गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जयपुर सीरियल ब्लास्ट केस में आरोपियों को बरी करने के मामले में बीजेपी ने सरकार पर निशाना साधा है। बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि 13 मई 2008 को शांतिप्रिय जयपुर में बम धमाके हुए। जिसमें 71 लोग मारे गए थे। दिसंबर 2019 में इन्हीं में से एक आरोपी को फांसी जबकि तीन को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। लेकिन आज राजस्थान उच्च न्यायालय ने उन सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। उन सभी का बरी होना इतने बड़े संघेय अपराध पर राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार की पैरवी पर सवाल और शंका पैदा करता है। पूनिया ने कहा कि जिस तरीके से एटीएस ने काट-छांट कर सबूत पेश किए। उसके बाद कोर्ट ने भी सरकार की पैरवी पर सवाल खड़े किए हैं।

राजस्थानी अकादमी ने घोषित किए पुरस्कार

# मधु आचार्य को सूर्यमल्ल पुरस्कार, अर्जुनदेव चारण और सीपी देवल को भी मिलेगा सम्मान

गरीबों का सितारा



**बीकानेर।** राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर ने साहित्यकारों के अकादमी पुरस्कार और सम्मान की घोषणा कर दी है। अकादमी कार्यसमिति की बुधवार को होटल ढोला मारू सभागार में आयोजित बैठक में छंगाणी ने विभिन्न पुरस्कारों के निर्णायकों के प्रस्तावों के आधार पर पुरस्कार की जानकारी दी। अकादमी अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2022-23 के लिए 71 हजार रुपए का सूर्यमल्ल मीसण शिखर पुरस्कार (पद्य) बीकानेर के वरिष्ठ साहित्यकार मधु आचार्य "आशावादी" को उनकी पुस्तक पीड़ आडी पाळ बाध पर दिया जा रहा है। इसके अलावा 51 हजार रुपए का गणेशीलाल व्यास उस्ताद पद्य पुरस्कार बारां के मूल निवासी व ठाणे के निवासी ओम नागर को उनकी पुस्तक बापू : एक कवि की चितार पर, 51 हजार रुपए का शिवचंद भरतिया गद्य पुरस्कार बीकानेर के कमल रंगा को उनकी पुस्तक आलोचना रै आभै सोळह कलावां पर व 51 हजार रुपए का मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार अलवर के डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी को उनकी पुस्तक भरखमा पर दिया जाएगा। वर्ष 2022-23 के लिए भतमाल जोशी महाविद्यालय पुरस्कार के तहत प्रथम स्थान प्राप्त राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर के छात्र योगेश व्यास को उनकी कहानी ह्यगैरी नींदह्व पर 11 हजार रुपए का व द्वितीय स्थान प्राप्त जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के छात्र व फालना निवासी अभिमन्यु सिंह इंदा को उनके व्यंग्य थांरो-म्हारो भविष्य के लिए 7 हजार एक सौ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।


# कार्यालय ग्राम पंचायत रलावता

## पंचायत समिति पलसाना जिला सीकर



**जीणधाम पधारे सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन**

**आम जनता से अपील**

• जीणमाता मेला क्षेत्र में शराब व पशुबली निषेध है। • मेला क्षेत्र में स्वच्छता एवं सफाई का पूर्ण ध्यान रखें। • कूड़ा-करकट कचरा पात्र में ही डालें। • जेबकतरों से सावधान रहें। • वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। • दुकानदार व तहबाजारी वाले मेला मार्ग पर अतिक्रमण नहीं करें। • मेला क्षेत्र में कोई अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं आवें।

**ग्राम पंचायत आपसे अपेक्षा करती है कि :-**

• जन्म-मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन अवश्य करावें। • सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें। सार्वजनिक जगहों पर अतिक्रमण नहीं करें। • अधिक से अधिक पेड़ लगायें। • पानी व्यर्थ न बहायें। • निजि वाहनों का उपयोग कम से कम करें। • खुले में शौच ना करें व शौचायल बनवाएं। • गाँव को साफ सुथरा बनायें, बूंद-बूंद पानी बचायें। • बिजली व्यर्थ न जलायें। कचरें के उत्सर्जन में कमी लायें। • नशे की आदत से बचें शराब व तम्बाकु से दूरी बनायें। • पंचायत स्तर पर विशेष समिति बनाकर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करें।

चिरंजीवी
मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना

योजना की खास बातें
राजस्थान के प्रत्येक परिवार हेतु
25 लाख का केशलेस बीमा
कवरेज की सुविधा।

5 लाख तक दुर्घटना बीमा कवर भी शामिल
बीमित परिवार को 5 लाख रूपये तक का दुर्घना बीमा कवर निःशुल्क उपलब्ध।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

| सुभाष शेषमा | रामकरण सिंह | सुभाष चंद्र मिठारवाल |
|---|---|---|
| सरपंच ग्रा. पं. रलावता | कनिष्ठ सहायक | ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा. पं. रलावता |
| मो. 9001001104 | ग्रा. पं. रलावता | मो. 9414663672 |

एवं समस्त वार्ड पंच, ग्रामवासी, ग्राम पंचायत रलावता, पंचायत समिति पलसाना

अपना शहर | गरीबों का सितारा
क्षेत्र का नं. 1 अखबार | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
गुरुवार, 30 मार्च, 2023


| पूर्वानुमान> | | गुरु | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|---|
| 22° | अधिकतम> | 30°c | 32°c | 31°c | 29°c |
| | न्यूनतम> | 18°c | 18°c | 19°c | 17°c |

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम की बैठक के क्रियान्वयन का जमीनी स्तर तक सत्यापन आवश्यक: चंद्रभान

गरीबों का सितारा




**जयपुर।** बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति के उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान ने कहा है कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में अव्वल स्थान पर है । उन्होंने कहा बीसूका में और सुधार के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण एवं वर्तमान स्थिति का भौतिक सत्यापन किया जाए जिससे जमीनी स्थिति सामने आ सकें। डॉ. चंद्रभान बुधवार को यहां शासन सचिवालय में राज्य स्तरीय बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीसूका अपने मूल उद्देश्य गरीबी उन्मूलन तथा समाज में वंचित तबके के शोषण को कम करने में काफी हद तक सफल रही है और आजादी के बाद से अब तक इस कार्यक्रम के माध्यम से आधारभूत परिवर्तन हुए है। उन्होंने बीसूका क्रियान्वयन में राजस्थान के देश में अग्रणी होने पर खुशी जाहिर की उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिए कि बीसूका के तहत जिलों और विभाग से प्राप्त आंकडों एवं तथ्यों में एकरूपता बेहद आवश्यक है। बीसूका उपाध्यक्ष ने जिलेवार रैंकिंग पर चर्चा करते हुए राजसमंद जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान पर खुशी जाहिर की । उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले को लगातार बेहतरी के प्रयास करते रहने चाहिये। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार के साथ साथ बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जन जागरूकता की बात कही। डॉ.चन्द्रभान ने कहा कि बैठक का मकसद निचले तबके के व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा में लाना है ताकि प्रदेश के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को लाभ प्राप्त हो सके । उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग एवं वन विभाग में सौ फीसदी उपलब्धियों पर विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासो की सराहना की बीसूका उपाध्यक्ष ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से प्रदेश के राशन डीलर्स के प्रति संवेदनशीलता रखतें हुए उनके कमीशन बढ़ाये जाने की सिफारिश की। डॉ. चन्द्रभान ने कहा कि बीसूका के तहत स्वयं सहायता समूह को कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड, खाद्य सुरक्षा, समेकित बाल विकास सेवाएं, आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन, ग्रामीण सड़कें तथा पौधारोपण में अच्छा काम किया गया है। उन्होंने कहा कि नए एवं पुनर्जीवित स्वयं सहायता समूह, स्वयं सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम में और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बीस सूत्रीय कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत दिसंबर, 2022 से फरवरी, 2023 में अर्जित उपलब्धि की विभागवार विस्तार से समीक्षा की। बैठक में खान एवं पैट्रोलियम विभाग एवं जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी एवं भू-जल विभाग, के अतिरिक्त मुख्य सचिव, डॉ सुबोध अग्रवाल ने विभागीय उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। बैठक में स्वायत शासन विभाग के शासन सचिव श्री जोगाराम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, चिकित्सा, सार्वजनिक निर्माण,महिला एवं बाल विकास, वन, ऊर्जा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे

## पंचाग

दिनांक 29 मार्च 2023 बुधवार
विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 21:06:39 | |
| पक्ष | शुक्ल | | |
| नक्षत्र | आद्रा | 20:05:41 | |
| योग | शोभन | 24:10:50 | |
| करण | विष्टि भद्र | 08:01:10 | |
| करण | बव | 21:06:39 | |
| चन्द्र राशि | मिथुन | | |
| सूर्य राशि | मीन | | |
| दिशा शूल | उत्तर | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:22:40 | |
| सूर्यास्त | 18:41:03 | | |
| चंद्रोदय | 11:44:16 | | |
| चंद्रास्त | 26:17:17 | | |
| राहू काल | 12:32-14:04 | | |
| शुभ चोघडिया | | | |
| लाभ | 06:23-07:55 | | शुभ |
| अमृत | 07:55-09:27 | | शुभ |
| शुभ | 10:59-12:32 | | शुभ |
| चर | 15:36-17:09 | | शुभ |
| लाभ | 17:09-18:41 | | शुभ |



विशेष जानकारी:-
श्रीदुर्गाष्टमी :-आज
श्रीराम नवमी:-कल

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

### वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

# 1100 तीर्थ यात्रियों को लेकर जयपुर से रामेश्वरम के लिए ट्रेन रवाना हुई

गरीबों का सितारा


**जयपुर।** राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुधवार को जयपुर के दुगार्पुरा रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम्‌ के लिए विशेष ट्रेन रवाना हुई। देवस्थान मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत ने ट्रेन



को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस स्पेशल ट्रेन में राजस्थान के सभी जिलों के कुल 1100 वरिष्ठ यात्री तीर्थ के लिए रवाना हुए। इस दौरान ट्रेन में यात्रा करने वाले वरिष्ठ यात्रियों के चेहरों पर खुशी नजर आई और इस योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस दौरान राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का संदेश तीर्थ यात्रियों को पढ़ कर सुनाया। देवस्थान मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत कहा कि राज्य सरकार द्वारा 17वी ट्रेन से 1100 यात्रीयों को रामेश्वरम की यात्रा करवाई जा रही है। वरिष्ठ तीर्थ नागरिक यात्रा के लिए इस वर्ष वरिष्ठजनों ने काफी उत्साह है। इस वर्ष 20 हजार यात्रियों की तुलना में लगभग 1.25 लाख यात्रियों ने यात्रा के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि जिलों की जनसंख्या के अनुपात में यात्रियों की संख्या तय कर पारदर्शिता के साथ लॉटरी निकालकर यात्रियों का चयन कर सुविधाओं के साथ यात्रा करवाई जा रही है। श्रीमती रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई जनकल्याणकारी वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के माध्यम से प्रदेश के 18 हजार वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन और 2 हजार यात्रियों को हवाई जहाज से काठमांडू (नेपाल) की निःशुल्क यात्रा करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक 16 ट्रेनों में 16975 वरिष्ठ नागरिक यात्रा कर चुके है।

# किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लें: सरपंच सिंघल

### ग्राम पंचायत जोरपुरा सुन्दरियावास में फसल बीमा पॉलिसी वितरण की गई



गरीबों का सितारा

**हिंगोनियां, राजेंद्र शर्मा ।** किसान फसल बीमा योजना का लाभ ले ।इसके लिए जागरुकता जरूरी है। यह बात बुधवार को ग्राम पंचायत जोरपुरा सुन्दरियावास में प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसी वितरण के दौरान जोरपुरा सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल ने कही। सिंघल ने कहा कि कृषक कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष कृषि के लिए अलग से बजट पेश कर पूरे देश में एक नई पहल की है। किसानों के सहकारी बैंकों के लिए ऋण माफी,नये ऋणों के वितरण, मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना, किसान कल्याण कोष, बिजली दर नहीं बढ़ाने जैसे ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से ग्राम जोरपुरा से 62 लाभार्थियों को लाभ मिला है। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक मोहनलाल प्रजापत, पुर्व उप सरपंच मदन लाल शर्मा,ई मित्र संचालक सुरेश बुरड़क, समाजसेवी ऋषिराज सिंह,शंकर पटेल,नरसी लाल शर्मा,रमेश कुमार प्रजापत, विष्णु शर्मा समेत अनेक लोग मौजूद थे।

# आरपीएससी: स्कूल शिक्षा विभाग की डीपीसी बैठक आयोजित हुई

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग में बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग के 2251 पदों की डीपीसी बैठक का आयोजन आयोग सदस्य श्री जसवंत सिंह राठी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्राचार्य के 1941 पद, प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा) के 64 पद, पुस्तकालयाध्यक्ष (प्रथम श्रेणी) के 27 पद- वर्ष 2022-23 तथा कोच (विभिन्न खेल) के 14 पद- वर्ष 2019-20, 2022-23 के पदौन्नति प्रकरणों पर विचार किया गया। स्कूल शिक्षा (उदयपुर संभाग) में वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष वर्ष 2021-22 के 65 पद एवं वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक वर्ष 2021-22 के 140 पदों के पदौन्नति प्रकरणों पर भी बैठक में विचार किया गया। निदेशक माध्यमिक शिक्षा श्री गौरव अग्रवाल, उप शासन सचिव शिक्षा (ग्रुप-5) विभाग श्री सतीश कुमार गर्ग, उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं स्टाम्प विभाग श्रीमती अनीता चौधरी एवं संबंधित संभाग के संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) बैठक में सम्मिलित हुए।

# लाभार्थी उत्सव के रूप में मनाया जाएगा राजस्थान दिवस समारोह

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** प्रदेशभर में 30 मार्च गुरूवार को राजस्थान दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में दोपहर 12 बजे राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित किया जाएगा। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर भी राजस्थान दिवस समारोह के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर इस बार राजस्थान दिवस समारोह लाभार्थी उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार ने विगत चार वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, उद्योग, महिला एवं बाल विकास, युवा कल्याण सहित सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के साथ प्रदेश के हर व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। सामाजिक सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता के तहत ही राजस्थान दिवस समारोह को लाभार्थी उत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। गहलोत ने कहा है कि प्रदेश में संचालित इंदिरा रसोई योजना ह्यकोई भूखा न सोएह्य का संकल्प साकार कर रही है। इसी तरह कोई व्यक्ति इलाज के अभाव में कष्ट न पाए, इस मानवीय सोच के साथ राज्य सरकार स्वास्थ्य का अधिकार लेकर आई है। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना, हर माह न्यूनतम एक हजार रूपए पेंशन, ओपीएस, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, मात्र 500 रूपए में 76 लाख परिवारों को गैस सिलेंडर, हर परिवार को 100 यूनिट निःशुल्क बिजली, किसानों को 2 हजार यूनिट प्रतिमाह निशुल्क बिजली, अन्नपूर्णा राशन किट जैसे निर्णय सामाजिक सुरक्षा की दिशा में बडे. कदम हैं। हमारा ध्येय है कि एक भी पात्र व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा से वंचित नहीं रहे।

**एक भी पात्र व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा से वंचित नहीं रहे: मुख्यमंत्री**

# स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की 57 वीं बैठक

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** माइंस विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा है कि राज्य में योजनावद्ध खनिज एक्सप्लोरेशन और खनिज ब्लॉकों की नीलामी का परिणाम है कि पेट्रोल-प्राकृतिक गैस के खोज व दोहन के साथ ही अब देश दुनिया के नक्शें पर जैसलमेर सीमेंट हब के रूप में विकसित होने जा रहा है वहीं प्रदेश में यूरेनियम, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, लाईम स्टोन, लिग्नाइट, आयरन ओर, कॉपर, जिंक, गारनेट आदि के नित नए भण्डार खोजे जा रहे हैं। उन्होंने खोज व खनन की नवीनतम तकनीक को अपनाने पर जोर देते हुए युवा अधिकारियों को नई सोच व लगन के साथ आगे आने का आह्वान किया ।वर्ष 2023-24 में खनिज लाईम स्टोन, फेरस मेटल, डेकोरेटिव स्टोन, औद्योगिक खनिज एवं अन्य खनिजों की खोज हेतु 31 विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कार्य किया जायेगा। एसीएस डॉ. अग्रवाल बुधवार को सचिवालय में स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की 57 वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेमी प्रेसियस स्टोन के भण्डारों के कार्य को भी गति दी जानी है। उन्होंने एक्सप्लोरेशन और मेजर व माइनर ब्लॉक्स तैयार करने के कार्य में जियोलोजी विंग के कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि समन्वित प्रयासों से आज खनिज खोज में राजस्थान देश का अग्रणीप्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि अब हमारा ध्येय उड़ीसा की बेस्ट प्रेक्टिसेज का अध्ययन कराकर राज्य के लिए व्यावहारिक प्रक्रिया को अपनाया जाएगा ताकि माइनिंग क्षेत्र में राजस्व अर्जन में भी देश का अग्रणीप्रदेश बन सके। उन्होंने विभाग द्वारा राजस्व अर्जन में भी साल दर साल प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि मेजर और माइनर ब्लॉकों की अधिक से अधिक नीलामी से वैध खनन को बढ़ावा मिला है तो राजस्व और रोजगार में बढ़ोतरी हुई है।

# राज आंगन सोसायटी के प्रतिनिधियों ने आवासन आयुक्त से एनआरआई स्काई पार्क योजना को निरस्त कर व्यवसायिक एवं सामुदायिक उपयोग की मांग की

**जयपुर।** प्रताप नगर के सेक्टर 24 में स्थित राज आंगन सोसायटी के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने बुधवार को आवासन आयुक्त श्री पवन अरोड़ा को सोसाइटी में स्थित स्काईपार्क योजना (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स योजना) को निरस्त करते हुए उस भूमि को व्यवसायिक और सामुदायिक उपयोग में लेने का आग्रह किया। आवासन आयुक्त ने उनकी मांग को सहानुभूतिपूर्वक सुना और सकारात्मक सोच के साथ समाधान करने के लिए आश्वस्त किया। सोसायटी के सचिव संजय हरपावत ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से स्काईपार्क की भूमि पर बेहतर व्यवसायिक और सामुदायिक उपयोग को दशार्या। उन्होंने कहा कि मल्टीस्टोरी योजना से राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को जो आय प्राप्त हो रही थी उससे अधिक है राशि इस प्रस्ताव से प्राप्त की जा सकती है।

**बैठक** | विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में आर्थिक जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका – मुख्य सचिव

# सातवीं आर्थिक जनगणना 2019 के क्रियान्वन एवं संचालन हेतु गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने कहा कि राज्य की विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में राज्य के नागरिकों की आर्थिक स्थिति की जानकारी होना आवश्यक है ।इस उद्देश्य की पूर्ति में आर्थिक जनगणना की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। मुख्य सचिव बुधवार को सातवीं आर्थिक जनगणना 2019 के क्रियान्वन एवं संचालन हेतु गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं ।मुख्य सचिव ने अधिकारियों को जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में सातवीं आर्थिक जनगणना के विभिन्न पहलुओं पर आधारित परिणामों पर चर्चा की गई। आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव डॉ. ओमप्रकाश बैरवा



ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से सातवीं आर्थिक जनगणना 2019 के राज्य से सम्बंधित आंकड़ों की समीक्षा की। बैरवा ने बताया कि वर्ष 1977 से देश में आर्थिक जनगणना की शुरूआत की गई थी ।केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की गाइड लाइंस के अनुसार वर्ष 2019 में राज्य की सातवीं आर्थिक जनगणना की गई ।उन्होंने बताया कि यह जनगणना दो चरणों में की गई थी .पहले चरण में राज्य के 15 जिलों और दूसरे चरण में 18 जिलों को सम्मिलित किया गया। बैरवा ने बताया कि वर्ष 2019 की आर्थिक जनगणना के सर्वे में पिछली जन गणनाओं की तुलना में कई नवाचार किए गए। सर्वे कार्य हेतु मोबाइल एप्प की मदद ली गई ,तथा जियो टैगिंग के माध्यम से सर्वे होने से पारदर्शिता के साथ ही प्रमाणिक आंकड़े मिले। उन्होंने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की बजाय स्थानीय युवाओं को इस कार्य में लगाया गया, जिससे उन्हें रोजगार प्राप्त हुआ। बैरवा ने बताया कि नीति निर्माण हेतु संस्था आधार नंबर के माध्यम से प्रतिष्ठानों का नवीनतम डेटा प्राप्त होता है।

उन्होंने बताया कि राज्य में सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र को मिलकर कुल 39 लाख 98 हजार 794 प्रतिष्ठान संचालित हैं, जिनमें एक करोड़ 6 लाख 55 हजार से ज्यादा कार्मिक कार्य कर रहें हैं। इन प्रतिष्टानों में से 23 लाख 22 हजार 880 ग्रामीण क्षेत्र में और 16 लाख 75 हजार 914 प्रतिष्ठान शहरी क्षेत्र में है .उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में की गई आर्थिक जनगणना की तुलना में 2019 की आर्थिक जनगणना में प्रतिष्ठानों की संख्या में 38.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कार्मिकों की संख्या में भी 70.15 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। आर्थिक जनगणना के जिलेवार आंकडें प्रस्तुत करते हुए डॉ. बैरवा ने बताया कि राज्य में सबसे कम 28 हजार 64 प्रतिष्ठान प्रतापगढ़ जिले में और सबसे ज्यादा 3 लाख 93 हजार 459 प्रतिष्ठान जयपुर जिले में है। बैठक में आयोजना विभाग के संयुक्त शासन सचिव सुशील कुल्हरी भी मौजूद रहे, जबकि केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आर्थिक सांख्यिकी प्रभाग के निदेशक पवन कुमार, सहित उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज,वित्त, राजस्व, गृह, एमएसएमई, सूचना एवं जनसंपर्क सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

# चिकित्सा जगत के सुझावों को शामिल करने के बाद ही पारित हुआ विधेयक चिकित्सक जनहितैषी कानून को लागू करने में करें सहयोग

**जयपुर।** ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ चिकित्सक राइट टू हेल्थ बिल के बारे में मीडिया में भ्रम पैदा कर रहे हैं, जो कि आधारहीन है। कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में कष्ट नहीं पाए, इस मानवीय सोच के साथ राज्य सरकार स्वास्थ्य का अधिकार लेकर आई है। विधेयक के मूल प्रारूप को लेकर चिकित्सक समुदाय को कुछ आपत्तियां थी। यह विधेयक भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) एवं चिकित्सक समुदाय के अन्य प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न बैठकों में मिले सुझावों के आधार पर इन आपत्तियों को दूर कर पक्ष-विपक्ष के सदस्यों की सर्वसम्मति से विधानसभा में पारित किया गया है। मूल बिल में आपातकालीन स्थिति को परिभाषित नहीं किया गया था, लेकिन संशोधित बिल में चिकित्सकों की इस आपत्ति का निवारण किया गया है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### रामनवमी पर टहला मे त्रेतायुगकालीन प्रमुख पौराणिक स्थल तिलदह धाम, पालपुर में भगवान श्रीराम के प्रागटोत्सव पर मेले का आयोजन

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा।** भगवान राम के जन्मोत्सव रामनवमी पर टहला क्षेत्र के 22 गांवों के त्रेतायुगकालीन प्रमुख पौराणिक स्थल तिलदह धाम, पालपुर में भगवान श्रीराम के प्रागटोत्सव पर कल 30 नवम्बर को मेले का आयोजन किया जायेगा! जिसमें आज रात्रि जागरण, मेले का आयोजन एवं कुश्ती दंगल का आयोजन मुख्य आकर्षण रहेंगे!! आयोजन समिति के सचिव राजेन्द्र मीना ने बताया कि मेले के आयोजन को लेकर मेला समिति के संयोजक भाजपा नेता महावीर उपाध्याय थानागाजी, संरक्षक महाराज रामप्रिय जी, समिति अध्यक्ष सरपंच सुगन जोशी, कोषाध्यक्ष रामोतार जी, हनुमान सहाय शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष, कांग्रेस, दयाराम ककरोडा, बीजेपी एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष , भूरेलाल, राजेन्द्र जैमन एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे!! सभी युवा साथियों ने मेले के सफल आयोजन के तन - मन से सहयोग करने का विश्वास सकंल्प लिया

### विधायक जौहरीलाल के मुख्यातिथ्य मे मिसिग लिक डामर सड़क का शिलान्यास होगा

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर जिले के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ईटोली पंचायत मे गुरुवार को स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के मुख्यातिथ्य मे प्रातःकाल 10 बजे मिसिग लिक योजनान्तर्गत निर्मित डामर सड़क का शिलान्यास किया जावेगा। ईटोली पंचायत मे कोडिया-दानपुर रोड से बहादुरपुर की और जाने वाली 1.50 किलोमीटर डामर सड़क निर्माण कार्य 37.50 लाख रुपए की लागत से किया जावेगा जिसका शिलान्यास स्थानीय विधायक मीना के द्वारा किया जावेगा इस दौरान मौके पर स्थानीय सरपंच धर्मराज मीना सहित अनेक जनप्रतिनिधी मौजूद रहेंगे तथा पीडब्लूडी एईएन शिवराम मीना सहित कई अन्य विभागो के कर्मचारी/अधिकारी विधायक मीना की मौजूदगी मे उपस्थित रहेंगे। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के पीए मोनू शर्मा के द्वारा दी गई है।

### युवा संस्थान कालियास व गांगलास द्वारा जल संरक्षण शपथ दिलाई



गरीबों का सितारा

**रायला/मुकेश जाट।** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांगलास व कालियास में भारत सरकार खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में भीलवाड़ा जिला समन्वयक सुमित यादव के निदेर्शानुसार स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। बीएलओ गोपाल लाल जोशी द्वारा पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग एवं पानी की एक बूंद का संचयन, पानी को व्यर्थ नहीं करने तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान अध्यक्ष शिवराज शर्मा ने बताया कि जल ही जीवन है और हम सबको जल का सदुपयोग और संरक्षण करना होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल को बचाना होगा ताकि भविष्य में जल के लिए संघर्ष ना करना पड़े समाज में जागरूकता की पहल करके पानी के बचाव ओर संरक्षण का कार्य करना होगा। इस मौके पर अंकेश कुमार सीमा भाम्बी, सक्सेना , मीना कुमारी, रविशंकर सिखवाल, भेरू लाल रेगर छोटू खां, कलामुद्दीन रंगरेज सोहन लाल बलाई, संजय कुमार व्यास, आसींद ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुरेश चंद्र चौधरी व माधव लाल जाट स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान अध्यक्ष शिवराज शर्मा संरक्षक मनीष कुमार सुवालका सुरेश वैष्णव, नरेश शर्मा,गणपत रेगर हिरा लाल जंगलिया स्कूली छात्र छात्रा सहित युवा उपस्थित थे वही आसींद ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुरेश चंद्र चौधरी ने बताया कि कैच द रेन जहां भी जब भी संभव हो जल का संग्रह कैसे करें इसके क्या प्रयत्न किए जा सकते हैं जैसे की जानकारी दी अभियान में जमीनी स्तर पर लोगों की सहभागिता से देश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जन आंदोलन शुरू किया जा रहा है इस मौके पर नेहरू युवा संस्थान कालियास के रामजस जाट उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जाट सचिव नीरज कचोलिया खेल सचिव विनोद कुमार जाट सांस्कृतिक सचिव रामनारायण महेंद्र कुमार मुकेश धौल्या प्रकाश जाट आदि उपस्थि थे।

### गूँती में भण्डारे व भजनों का आयोजन



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड।** क्षेत्र के गूँती गांव में बुधवार को चतुरदास महाराज मन्दिर प्रांगण में भण्डारे व भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के दर्जनभर गांवों से हजारों की संख्या में महिला-पुरुष व बच्चो ने मन्दिर में दर्शन करके प्रसादी ग्रहण की। व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजनों का लुफ्त उठाया। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम एडवोकेट ने प्रधान कोटे से पुस्तकालय भवन के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद महेंद्र सिंह यादव, बीजेपी जिला मंत्री डॉ नीलम यादव, बीजेपी नेत्री शानू यादव, सरपंच वेद कृष्णा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### रामनवमी के शुभ अवसर पर भगवा वाहन रैली आज

**कुचामनसिटी।** शहर में हिंदू युवा वाहिनी तथा सर्व हिंदू समाज के तत्वाधान में राम नवमी के अवसर पर भगवा वाहन रैली का आयोजन आज हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष मदनलाल कुल्डिया ने



बताया कि रामनवमी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है कार्यकताओं की ओर से भगवा निशान तैयार कर ले गए हैं जिन्हें आज शहर में वितरित किए जाएंगे तथा आज गुरुवार को 11:15 बजे डूगरी वाले बालाजी से प्रारंभ होकर पूरे शहर में भ्रमण करके डूगरी बालाजी मंदिर में समापन होगा इस मौके पर भगवान श्री राम की झांकी के साथ अन्य झांकियां भी रैली में शामिल होगी ! रामनवमी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# 70 लाख की अफीम सहित दो महिलाओ समेत चार गिरफ्तार

**चित्तौडगढ/ डॉ. चेतन ठठेरा।** जिले की मंगलवाड थाना पुलिस ने आज नाकेबंदी के दौरान एक कार की रो कर ली गई तलाशी के दौरान कार से 7000000 रुपए मिले की अफीम मिली जिसे पुलिस ने कार से ही चक्कर कार में सवार दो महिलाओं समेत चार जनों को गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बडीसादडी डीएसपी नगेन्द्र कुमार के सुपरविजन में बुधवार को थानाधिकारी मंगलवाड़ चन्द्रशेखर किलानिया पु.नि. थाने के पुलिस टीम के साथ चित्तौडगढ उदयपुर सिक्स लेन हाईवे रोड पर रॉयल गेस्ट हाउस के सामने नाकाबन्दी कर रहे थे। नाकाबंदी के दौरान टोयोटा इटियोस कार आई जिसे रुकवा कर नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में दो पुरूष व दो बच्चों सहित दो महिलाएं बैठी थी। कार की तलाशी में 41.055 किलोग्राम अवैध अफीम पाई गई । जप्त की गई अफीम की कीमत करीब ?700000 से अधिक की बताई जा रही है एस पी दुष्यंत ने बताया की उक्त अवैध अफीम व कार को जब्त कर मध्यप्रदेश के मदारपुरा थाना सिटी कोतवाली मंदसौर निवासी 30 वर्षीय शमशुददीन उर्फ अन्नू पुत्र मोहम्मद इब्राहिम, डाबडा थाना हथूनिया जिला प्रतापगढ निवासी 33 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र मांगीलाल दमामी, मध्यप्रदेश के कचनारा थाना दलौदा जिला मंदसौर हाल पदमावती रिसोर्ट के पास मंदसौर निवासी 26 वर्षीय राजू पत्नि ईश्वरलाल मोग्या व रावण रोड खानपुरा थाना सिटी कोतवाली मंदसौर हाल अभिनंदन कॉलोनी थाना नई आबादी जिला मंदसौर निवासी 32 वर्षीय प्रीति मालीवाल पत्नि पवन मालीवाल नामदेव को गिरफ्तार किया गया ।



### कार मे लिफ्ट लेना महिलाओ को पडा भारी,तस्करों ने की चालाकी

महिलाओं के साथ बच्चों के बारे में पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ में आरोपियों ने रास्ते में वाहन पर कोई पुलिस की कोई शंका न हो, इसलिये बच्चों वाली महिलाओं को किराये भाडे पर साथ लेकर पुलिस की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश की। किंतु पुलिस थाना मंगलवाड की सजगता ने अपराधियों की चाल को असफल करते हुये तस्करों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध अफीम को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस थाना मंगलवाड़ पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्जन कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने की दरगाह में जियारत

**चादर चढ़ा कर पेश किए अकीदत के फूल, परिवार भी आया साथ**



गरीबों का सितारा

**अजमेर / ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ममता भूपेश ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में चादर चढ़ाई एवं अकीदत के फूल पेश किए। उनके साथ परिवार के सदस्यों ने भी जियारत की। दरगाह आगमन पर उनका स्वागत किया गया।उन्होंने दरगाह शरीफ में चादर एवं गुलाब के फूल चढ़ा कर अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में विभाग की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए बताया कि सरकार की महिलाओं को संबल बनाने के लिए आईएम शक्ति जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में परिवर्तन आया है। राज्य की अनेक महिलाएं इन योजनाओं से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनी है। बालिकाओं के जीवन में माहवारी से आने वाले परिवर्तन पर विभाग की उड़ान योजना ने समाज में जेंडर सेनिटेशन का कार्य करने के साथ बालिकाओ के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया है। राज्य में जनकल्याण की यह अविरल धारा बहती रहे। समाज के पिछड़े तबके मुख्यधारा से जुड़े और चहुमुखी विकास को अग्रसर रहे।

# विधायक सांखला ने माता जी के मेले का उद्घाटन व लोकार्पण



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** कोटड़ी ग्राम पंचायत के लक्ष्मीपुरा में बीजासन माताजी के मेले के उद्घाटन व विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक जब्बर सिंह सांखला, अध्यक्षता कृष्ण सिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भैरूलाल पाराशर, पंचायत समिति नेता प्रतिपक्ष उमराव चोरड़िया, सरपंच फलामादा महिपाल सिंह चुण्डावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष सांवरलाल गुर्जर, मंडल महामंत्री अशोक अजमेरा , नारायण गुर्जर, समाजसेवी जगदीश गुर्जर, छात्रसंघ उपाध्यक्ष नसरीम बानो , वार्ड मेम्बर युनुस मौहम्मद, समाजसेवी बालूराम गुर्जर , जगदीश सिंह, नारायण लाल जाट इत्यादि उपस्थित थे। सरपंच हगामीलाल गुर्जर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जारी रहेगा संघर्ष...

# जब तक बिल वापिस नहीं होगा तब तक आंदोलन जारी रहेगाः डॉ. विजयपाल यादव

गरीबों का सितारा





**रुपेश शर्मा।** आज 29 मार्च प्रातः 11:00 सभी सरकारी व प्राइवेट चिकित्सक आईएमए हॉल में एकत्रित हुए राजस्थान सरकार द्वारा पारित हेल्प बिल के विरोध में सभी चिकित्सकों



ने एकजुटता दिखाई पिछले 12 दिनों से अलवर जिले के सभी प्राइवेट अस्पताल बिल के विरोध में बंद पड़े हैं उनके समर्थन में आज जिले के सभी सरकारी चिकित्सक भी सामूहिक अवकाश पर रहे प्राथमिक सामुदायिक डिस्पेंसरी सेटेलाइट व जिला अस्पताल में पूरी तरह चिकित्सा व्यवस्था बन रही थी इधर से उधर इलाज के लिए भटकते रहे सेवारत चिकित्सक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ विजय चौधरी ने बताया कि यह चिकित्सकों के तो पर कुठाराघात है सरकार को यह शीघ्र ही वापस लेना चाहिए जिससे राज्य की जनता को राहत मिल सके सरकार अपनी वोट लालसा की हठधर्मिता के कारण जनता को मरने के लिए नहीं छोड़ सकती सेवारत चिकित्सक प्राइवेट चिकित्सकों के साथ हमेशा रहेगा आवश्यकता पड़ने पर कठोर निर्णय लिए जाएंगे अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने अपने संबोधन में बताया कि चिकित्सकों ने अपने खर्चे से तमाम कई तरह के लाइसेंस लेकर प्राइवेट अस्पताल स्थापित किए हैं सरकार आम जनता को चुनाव त्वरित उपचार देने में नाकाम रही है चुनाव से ठीक पहले यह हेल्थ बिल्ला कर अपना दायित्व प्राइवेट अस्पतालों पर थोपना चाहती है एक तो चिकित्सा देने में विफल रही है ऊपर बिल लाकर सस्ते में वोट भी बटोर ना चाहती है वोट को स्वर चिकित्सक समुदाय को बलि का बकरा बना रही है आज ही के दिन 29 मार्च को 1 वर्ष पूर्व दौसा की डॉ अर्चना शर्मा को प्रसूता की मृत्यु हो जाने पर मृतका के परिजनों द्वारा आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना के कारण आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा था आज शाम को सभी सरकारी व प्राइवेट चिकित्सकों का हेल्थ बिल के विरोध में शर्मा की याद में कैंडल मार्च सामान्य चिकित्सालय से शहीद स्मारक कंपनी बाग तक रखा गया है सभी प्राइवेट अस्पतालों के चिकित्सकों ने सरकारी योजनाओं चिरंजीवी में प्राइवेट हॉस्पिटल संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजयपाल यादव को जमा कराया।

## अखिल भारतीय स्वातंत्र्य वीर सावरकर साहित्य सम्मेलन एक अप्रैल से चित्तौड़ में

गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी।** सावरकर दर्शन प्रतिष्ठान की ओर से अखिल भारतीय



स्वातंत्र्य वीर सावरकर साहित्य सम्मेलन आगामी एक और दो अप्रैल को चित्तौड़गढ़ के इंदिरा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा । प्रदेश संयोजक श्रीमती विजय पारीक ने बताया कि सम्मेलन में देश भर से प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम में सावरकर दर्शन प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र साठे, मुख्य अतिथि-पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, महाराष्ट्र की सांसद नवनीत राणा, सावर के प्रपोत्र रणजीत सावरकर सहित अनेक मुख्य लोग भी भाग लेंगे । कुचामन के निकटवर्ती ग्राम घाटवा से राजेंद्र कामदार को भी इस सम्मेलन में निमंत्रित किया गया है वह भी दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए चित्तौड़ प्रस्थान करेंगे। प्रतिनिधियों का स्वागत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी करेंगे।

## नववर्ष उत्सव समिति कार्यकताओं द्वारा आदर्श विद्या मंदिर में मोर दीपक भेट किया



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय नववर्ष उत्सव समिति, के कार्यकताओं द्वारा विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर, गुलाबपुरा को मोर दीपक सप्रेम भेंट दिया गया। इस दौरान नववर्ष समारोह समिति सदस्य जगदीश चोबे , भरत व्यास , नवनीत जांगिड़ , पिंटू वैष्णव, मुकेश शर्मा अभिभावक मनोहर गर्ग, सत्यनारायण प्रजापत, भागचंद मेघवंशी उपस्थित रहे। आदर्श विद्या मंदिर की प्रधानाध्यापिका शिमला दीदी ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

## नार्थ वेस्टर्न रेल्वे कर्मचारी यूनियन ने बिजयनगर स्टेशन पर किया प्रदर्शन





गरीबों का सितारा

**बिजयनगर/ रामकिशन वैष्णव।** नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉईज यूनियन के आव्हान पर नसीराबाद शाखा के द्वारा कर्मचारी की विभिन्न मांगो एवं प्रशासन द्वारा गैर-तकनीकी पदो की अधिसूचना जारी नहीं करने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। नसीराबाद शाखा यूनियन उपाध्यक्ष छुट्टन लाल मीणा ने बताया कि रेल्वे प्रशासन की उदासीनता एवं कर्मचारियों की विभिन्न मांगो को नही मानने के कारण रेल कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। जिसको लेकर बिजयनगर रेल्वे स्टेशन पर गाड़ी सं. 12991 के आगमन के समय विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान लोकेश, रोहिताश कुमार, हंसराज गुर्जर सुरेश, नेमाराम, चेतराम, घीसालाल, सुरेन्द्र शर्मा मुकेश, रामेश्वर, हरिनारायण, विजय कुमार, कैलाश, अमित मौजूद थे।

# इलेक्ट्रोपैथी मानव जीवन के लिए वरदान : डॉ अनुराग जटिया

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में तिलपट्टी के नाम से अभिभूत है साथ ही देखा जाए तो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य अपने भागमभाग की जिंदगी में अपने स्वयं को भी भुला चुका है साथ ही यह कहने में लेश मात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए कि मनुष्य कितना भी भागे जब तक वह शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है तब तक आनंदमय जीवन से लाखों कोसों दूर ही परिलक्षित नजर आएगा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य अनेक प्रकार की बीमारियों से रोग ग्रस्त ही नजर आता है जिसका परिणाम यह है कि वे प्रतिदिन एलोपैथी के इर्द-गिर्द ही घूमता हुआ दिखाई देता है आज कलमकार का दृष्टांत एक ऐसे चिकित्सा पद्धति की ओर संकेत कर रहा है जो हर्बल दवाइयों से निर्मित चिकित्सा पद्धति है अर्थात जिसको हम इलेक्ट्रोपैथी के नाम से जानते हैं । यह एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो मनुष्य को न केवल स्वस्थ रखती है अपितु उसे तंदुरुस्त भी रखती है इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति एक ऐसा रहस्यमाय ज्ञान है जिससे यदि सरोकार हो जाए निसंदेह मानव जीवन आनंद से तिरोहित हो जाएगा जब कलमकार इलेक्ट्रोपैथी के चिकित्सक डॉक्टर अनुराग जटिया से रूबरू हुए तो उन्होंने इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा के ज्ञान के ऐसे तत्वों से सरोकार करवाया जिसको



सुनकर कोई भी आम व्यक्ति अपने दांतो तले उंगली दबाने के लिए विवश हो ही जाता है डॉ अनुराग जटिया का कहना है कि इलेक्ट्रोपैथी की सभी औषधीय वनस्पति जगत एवं पेड़ पौधों से निर्मित होती है और (लिक्विड) तरल रूप में है साथ ही उनका यह भी कहना है कि अन्य पद्धतियों में औषधियों का निर्माण पादप जगत के अलावा खनिज, लवण, जीव जंतु तथा संश्लेषित रसायनों द्वारा होता है जिनका मानव शरीर पर हानिकारक दुष्प्रभाव पड़ता है परंतु इलेक्ट्रोपैथी एकमात्र चिकित्सा पद्धति है जिसकी समस्त औषधियां पूर्णतया पेड़ पौधों से निर्मित होती है जिसका मानव शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं है अथवा हम यह कह सकते हैं कि नो साइड इफेक्ट है इलेक्ट्रोपैथी दवाइयों की विशेषता यह है कि ये अपना प्रभाव शीघ्र दिखाती है, दवाइयां रोगों को जड़ मूल से मिटाती है,दवाइयां लेने में बहुत सरल है साथ ही इन दवाइयों से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है डॉ अनुराग जटिया का यह भी कहना है कि इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा से बिना ऑपरेशन के बच्चेदानी की गांठ का इलाज, जोड़ों एवं घुटनों के दर्द का इलाज , माइग्रेन, किडनी स्टोन, पाइल्स, हृदय रोग, शुगर , चर्म रोग जिसमें चेहरे के दाग,धब्बे, फोड़े फुंसी, सफेद दाग ,आंखों के नीचे काले घेरे, दाद ,खुजली, एलर्जी रोग, जोड़ों का रोग,नाड़ी रोग स्त्री पुरुष गुप्त रोग, खून की कमी, श्वास रोग, दमा , टीबी इत्यादि जैसी गंभीर समस्याओं से निदान पाया जा सकता है वास्तव में देखा जाए तो वर्तमान परिपेक्ष में इलेक्ट्रोपैथी पद्धति गंभीर से गंभीर रोगों के निदान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है जब कलमकार ने यह पूछा कि वर्तमान परिपेक्ष में लोग एलोपैथी की ओर दौड़ रहे हैं आपकी इलेक्ट्रोपैथी पद्धति चिकित्सा में दिलचस्पी होने के पीछे मूलभूत कारण क्या रहा है तब डॉक्टर अनुराग का कहना है कि इलेक्ट्रोपैथी पद्धति चिकित्सा में आने के पीछे मूलभूत कारण यह है कि ये एक ऐसी चिकित्सा है जिसमे त्वरित गति से रोगी को इलाज मिलता है शीघ्र गंभीर से गंभीर रोगों से रोग मुक्त हो जाता है साथ ही शुरू से ही प्राकृतिक औषधियों के प्रति दिलचस्पी होने के कारण इन्होंने इलेक्ट्रोपैथी पद्धति चिकित्सा को चुना जहां गंभीर से गंभीर रोगों का इलाज संभव है एक तरह से उक्त पद्धति काल के मुंह में गए हुए व्यक्ति को भी जीवन दान दे देती है हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी औषधियों और वनस्पतियां के कई रहस्यमय ज्ञान देखने को मिले हैं साथ ही वर्तमान में डॉ अनुराग एक ऐसी शख्सियत है जिन्होंने कोरोना काल में बहुसंख्यक व्यक्तियों कोरोनावायरस से निजात दिलाई जिसमें इन्होंने इलेक्ट्रोपैथी पद्धति से कार्य किया इसके साथ ही डॉक्टर श्री जटिया राजकीय अमृतकौर रोड स्थित श्री महावीर इलेक्ट्रोपैथी क्लिनिक पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं वास्तव में देखा जाए तो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह इलेक्ट्रोपैथी पद्धति मानव जीवन के लिए वरदान बनी हुई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।




# मेसी ने दागा 100वां गोल, 7-0 से जीता अर्जेंटीना

## कुराकाओ के खिलाफ मैत्री मैच में दागा हैट्रिक गोल, मेसी के नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब 102 गोल

एजेंसी ▶▶| सैंटियागो डेल एस्टेरो

लियोनेल मेसी ने मंगलवार रात को कुराकाओ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के पहले हाफ में हैट्रिक बनाकर अर्जेंटीना के लिए 100 गोल करने के आंकड़े को पार कर लिया। बीते दिसंबर में विश्व कप का खिताब जीतने के बाद अपने दूसरे मैच में अर्जेंटीना ने कुराकाओ को 7-0 से करारी शिकस्त दी।

पैंतीस साल के मेसी ने मैच के 20वें मिनट में टीम का खाता खोलने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 गोल के आंकड़े को पूरा किया। उन्होंने इसके बाद 33वें और 37वें मिनट में भी गोल दागे। मेसी के नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब 102 गोल हो गए है और वह राष्ट्रीय टीमों के किए गए सर्वाधिक गोल की सूची में केवल दो खिलाड़ियों से पीछे हैं। इस सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 122 और ईरान के अली डेई ने 109 गोल के साथ शीर्ष दो स्थानों पर हैं।

### मेसी ने रचा इतिहास

मेसी ने 100 गोल पूरे करते ही एक खास उपलब्धि हासिल कर ली। वह विश्व कप जीतने के साथ-साथ 100 गोल पूरे करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर हैं। रोनाल्डो और अली दएई ने 100 से ज्यादा गोल दागे हैं, लेकिन दोनों विश्व कप नहीं जीत सके हैं।

### कॅरियर की 57वीं हैट्रिक

लियोनल मेसी ने मैच की शुरुआत तूफानी अंदाज में की। उन्होंने 37 मिनट में ही हैट्रिक पूरी कर ली। मेसी ने 20वें, 33वें और 37वें मिनट में गोल किया। यह उनके कॅरियर की 57वीं हैट्रिक है। वहीं, अर्जेंटीना के लिए खेलते हुए नौवीं बार उन्होंने हैट्रिक गोल किया है। साथ ही मेसी ने इस साल पहली बार किसी मैच में तीन या उससे ज्यादा गोल दागे हैं।



### 354वीं बार गोल असिस्ट

मेसी ने सिर्फ तीन गोल ही नहीं दागे, बल्कि एक गोल में अपना योगदान दिया भी दिया। उन्होंने एंजो फर्नांडीज के लिए 35वें मिनट में गोल असिस्ट किया। मेसी ने इस सीजन में 22वीं बार गोल असिस्ट किया है। इसके अलावा अर्जेंटीना के लिए 54वीं बार और सीनियर स्तर पर कुल 354वीं बार उन्होंने गोल असिस्ट किया।

### टीम के चार अन्य गोल

अर्जेंटीना के लिए सिर्फ मेसी ने ही नहीं बल्कि अन्य चार खिलाड़ियों ने भी गोल दागे। निकोलस गोंजालेज ने 23वें, एंजो फर्नांडीज ने 35वें, अनुभवी एंजेल डी मारिया ने 78वें और गोंजालो मोंटियाल ने 87वें मिनट में गोल किया।

## खबर संक्षेप



### गेंदबाजों के खिलाफ करुंगा नया प्रयास

**जयपुर।** पहली बार आईपीएल में खेलने से पूर्व राजस्थान रॉयल्स के इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने कहा है कि वह 31 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे और गेंदबाजों के खिलाफ कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। रूट ने कहा, 'मैं प्रयास करुंगा कि अधिक से अधिक खुद को जाहिर कर पाऊं और गेंदबाजों के खिलाफ कुछ नया करने का प्रयास करुंगा। मुझे यकीन है कि मैं इसका लुत्फ उठाऊंगा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करुंगा।'

### पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे लिविंगस्टोन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने दिसंबर में उन्हें लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद अब तक 'फिटनेस क्लीयरेंस' नहीं दी है। पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल में अपने अभियान की शुरुआत एक अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करेगी। दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के दौरान चोटिल होने के बाद से लिविंगस्टोन ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।



### गिल 'विशेष खिलाड़ी', कप्तानी के दावेदार

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने भारतीय सलामी बल्लेबाल शुभमन गिल को 'विशेष खिलाड़ी' करार देते हुए उम्मीद जताई कि उन्हें भविष्य में भारत और गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। विलियमसन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिपक्व होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिल जाएगी। विलियमसन ने कहा, 'गिल के लिए यह एक अविश्वसनीय वर्ष था, लेकिन आप हमेशा इसे महसूस कर सकते है कि यह सिर्फ समय के बारे में है।



### पंडित को अय्यर की जल्द वापसी का भरोसा

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित को उम्मीद है कि उनके पूर्णकालिक कप्तान श्रेयस अय्यर 'बहुत जल्द' टीम में वापसी करेंगे और इस भारतीय खिलाड़ी की गैरमौजूदगी में नीतीश राणा इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में टीम के नेतृत्वकर्ता की भूमिका में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अय्यर बार-बार होने वाली पीठ दर्द के कारण आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों से बाहर हो गए हैं।



## क्रिकेट : गुजरात और चेन्नई के बीच कल होगा पहला मुकाबला

# भारत के 12 मैदानों पर खेले जाएंगे आईपीएल टूर्नामेंट के 70 लीग मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा विजेता गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच 31 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल के 16वें सत्र में होम और अवे प्रारूप टीमों पर काफी बदलाव लाएगा। इस प्रारूप की चार साल के बाद 16वें सत्र में वापसी हो रही है। पिछले तीन साल कोविड-19 के कारण इस प्रारूप का इस्तेमाल नहीं हो सका था। 2020 और 2022 के पूरा सत्र संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया गया था। 2019 में होम-अवे प्रारूप पिछली बार खेला गया था।

कोविड-19 ने आईपीएल के पिछले सत्रों में ऐसा खलल डाला था कि ये सत्र संयुक्त अरबी अमीरात में आयोजित कराने पड़ थे। 2021 में आईपीएल की भारत में वापसी हुई और इसे मुंबई, दिल्ली, चेन्नई और अहमदाबाद में कराया गया था। लेकिन इसी सत्र में टीमों के अंदर खिलाड़ियों के कोविड-19 के मामले आने के कारण इसका आधा हिस्सा स्थगित कर दिया गया। फिर इसका दूसरा भाग यूएई में 2021 में कराया गया। फिर बीसीसीआई ने 2022 का सत्र भी कोरोना के कारण यूएई में ही कराने का फैसला किया था। अब 2023 में यह 16वां सत्र भारत में होगा।



### होम-अवे प्रारूप


होम-अवे प्रारूप में प्रत्येक टीम अपने ग्रुप स्तर के आधे मैच अपने घरेलू मैदान और शेष मैच विपक्षी टीम के मैदान में खेलेंगी। सभी टीमें लीग में सात मैच अपने घर में और सात विपक्षी टीम के घर में खेलेगी।

### टीमों को होगा फायदा

*आईपीएल नीलामी से लीग में खेल रही 10 टीमों ने लगभग अपनी टीमें इस नए सत्र के लिए तैयार की हैं। यह प्रारूप उन टीमों के लिए फायदा पहुंचा सकता है। टीमें अगर विपक्षी टीम के घर में मुकाबला हार जाती है तो अपने घर में मुकाबला जीतने का उसको फायदा हो सकता है। फ्रेंचाइजी भी चाहती हैं कि वे अपने घर में भी मैच खेलें क्योंकि घरेलू समर्थकों को समर्थन और पिच का फायदा टीम को मिलता है।*

### ओपनिंग सेरेमनी में ग्लैमर का तड़का लगाएंगी तमन्ना

*आईपीएल के 16वें सीजन के आगाज से पहले उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। इस दौरान कई बॉलीवुड सितारे ग्लैमर का तड़का लगाएंगे। आईपीएल ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि अभिनेत्री तमन्ना भाटिया समारोह में नजर आएंगी। आईपीएल ने बुधवार को ट्वीट कर तमन्ना भाटिया के उद्घाटन समारोह में भाग लेने की जानकारी दी। आईपीएल ने लिखा, टाटा आईपीएल उद्घाटन समारोह में तमन्ना के साथ जुड़िए। हम दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम- नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सबसे बड़ा क्रिकेट उत्सव मना रहे हैं। आईपीएल ने इस बात की जानकारी भी दी कि 31 मार्च को शाम छह बजे से उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। उसके बाद सात बजे टॉस होगा और फिर 7:30 बजे से पहला मुकाबला खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह और मैचों का लाइव प्रसारण टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा। वहीं, ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप और वेबसाइट पर होगी।*



# रोहित, पंड्या ने वनडे रैंकिंग में किया सुधार



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की बुधवार को जारी नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ आठवें जबकि हरफनमौला हार्दिक पंड्या गेंदबाजों की सूची में 10 स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर पहुंच ग।

इस सूची में शुभमन गिल नंबर पांच पर भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने हुए हैं, जबकि विराट कोहली सातवें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की सूची में पाकिस्तान के बाबर आजम शीर्ष स्थान पर है। गेंदबाजों की सूची में मोहम्मद सिराज तीसरे नंबर है। वह शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची में एकमात्र भारतीय हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड शीर्ष पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा भारत के खिलाफ चेन्नई एकदिवसीय में 45 रन पर चार विकेट लेने के बाद तीन स्थान के सुधार के साथ कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ छठे पायदान पर पहुंच गए है। इस श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मिशेल मार्श चार स्थान के सुधार के साथ बल्लेबाजों की सूची में 51वें स्थान पर पहुंच गए।

### राशिद खान टी20 के नंबर-1 गेंदबबाज

टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ 2-1 से श्रृंखला जीतने के दौरान शानदार गेंदबाजी करने वाले राशिद खान इस प्रारूप के शीर्ष गेंदबाज बन गए है। उन्होंने श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा को पीछे छोड़ा। राशिद ने इस श्रृंखला के हर मैच में विकेट चटकाये। उन्होंने इस दौरान 12 ओवर में सिर्फ 62 रन खर्च किये। टीम में उनके साथी स्पिनर मुजीब उर रहमान ने भी दो स्थान का सुधार किया। श्रृंखला के पहले और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लेने वाले मुजीब आठवें स्थान पर आ गए हैं।

# वेस्टइंडीज ने द.अफ्रीका से जीती टी20 श्रृंखला, जोसेफ ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने 19वें ओवर में तीन विकेट लेकर मैच का पासा पलट दिया जिससे वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

जोसेफ ने मंगलवार को यहां चार ओवर में 40 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट 220 रन बनाने के बाद लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही। सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स की 44 गेंद में 83 रन की ताबड़तोड़ पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 213 रन ही बना सका। वेस्टइंडीज ने रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 44 रन) और जोसेफ (नाबाद 14) के बीच नौवें विकेट के लिए 59 रन की अटूट साझेदारी के दम पर आठ विकेट पर 220 रन का लक्ष्य खड़ा किया।



### इंडोनेशिया से अंडर-20 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार छिने

**ज्यूरिख।** इजरायल की भागीदारी को लेकर राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बुधवार को फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इंडोनेशिया से पुरुष अंडर-20 विश्व कप की मेजबानी का अधिकार छीन लिया। फीफा ने कहा कि इंडोनेशिया 20 मई से शुरू होने वाले 24 टीम के टूर्नामेंट के आयोजन के लिए तैयार नहीं था। यह फैसला दोहा में फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो और इंडोनेशियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष एरिक थोहिर के बीच हुई बैठक के बाद किया गया। इजराइल ने पिछले साल जून में अपने पहले अंडर-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था।

# सिंधू, श्रीकांत मैड्रिड मास्टर्स में जीते

भाषा ▶▶| मैड्रिड

स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां मैड्रिड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के अपने पहले दौर के मैच जीत लिये लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने स्विट्जरलैंड की जेनजीरा स्टेडेलमैन को 21-10 21-4 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने अपने राउंड ऑफ 32 मैच में थाईलैंड के सिथिकोम थमासिन को 21-11 25-27 23-21 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। स्विस ओपन का ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी का सामना जापानी जोड़ी अयातो एंडो और युता ताकेई से था। सात्विक के घुटने में चोट लगने के बाद भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई। भारतीय जोड़ी पहले गेम में ब्रेक के समय 9-11 से पीछे थी। इस बीच



आकर्षी कश्यप ने अपने पहले दौर के मैच में कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली को 12-21 21-15 21-18 से हराकर उलटफेर किया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को हालांकि जापान की रीना मियाउरा और अयाको सकुरामोतो के खिलाफ पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य पुरुष एकल मैच में बी साई प्रणीत ने जॉन लौडा को हराया।

## मुंबई इंडियन्स को पांच बार दिला चुके इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब

# लोगों की अपेक्षाओं से परेशान नहीं होता : रोहित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*मुंबई इंडियन्स को पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह लोगों की अपेक्षाओं से परेशान नहीं होते। आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान रोहित को पता है कि मुंबई की टीम आगामी टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल होगी।*

*रोहित टीम के युवा खिलाड़ियों को उस 'हाइप' से बचाना चाहते हैं जो टीम के साथ जुड़ी रहती है। रोहित ने टीम की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'जब भी आप खेलने के लिए उतरते हैं तो हमेशा आपसे उम्मीदें होती हैं। इतने वर्षों तक खेलने के बाद मैं इससे परेशान नहीं होता और मैं इसे लेकर चिंतित नहीं हूं कि लोग मेरे से क्या चाहते हैं। हमें पता है कि हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके ट्रॉफी जीतनी होगी। हमेशा इसके बारे में सोचने से आपके ऊपर दबाव बनता है।' डेवाल्ड ब्रेविस और तिलक वर्मा अपना दूसरा आईपीएल खेलेंगे जबकि ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन करोड़ों रुपए का अनुबंध मिलने के बाद पहली बार इस लीग में खेलते हुए नजर आएंगे। रोहित ने कहा, 'मैं अभी इन युवा खिलाड़ियों पर अधिक दबाव नहीं डालना चाहता। जब हमारा पहला मैच करीब होगा तो हम उन्हें विशिष्ट भूमिकाएं देंगे। बेशक पहले मैच से पूर्व खिलाड़ियों को पता है कि हमारी उनसे क्या उम्मीदें हैं।'*




### टी20 क्रिकेट में कार्यभार प्रबंधन की बात न हो

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर का मानना है कि टी20 क्रिकेट में कार्यभार प्रबंधन को लेकर चल रही बातचीत को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है जबकि इसके मुकाबले खेल के दो अन्य प्रारूप शरीर को ज्यादा थकाने वाले होते हैं। शुक्रवार से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग से पहले बाउचर ने बुधवार को यहां मीडिया सत्र में कहा कि उन्हें नहीं लगता कि सबसे छोटे प्रारूप में कार्यभार प्रबंधन की जरूरत है। इस साल के आखिरी में घरेलू सरजमीं पर होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को देखते हुए आईपीएल के दौरान भारतीय खिलाड़ियों के कार्यभार पर बीसीसीआई हालांकि नजर रखेगा।

# मियामी ओपन : रायबकिना ने दर्ज की लगातार 12वीं जीत

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

मौजूदा विंबलडन चैंपियन ऐलेना रायबकिना ने मियामी ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 25वीं वरीयता प्राप्त मार्टिना ट्रेविसन पर 6-3, 6-0 की जीत आसान जीत दर्ज की। रायबकिना ने इस दौरान लगातार 10 ऐस लगाए और वह लगातार 12वें मुकाबले में अजेय रहीं। कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर रही 23 साल की इस खिलाड़ी की यह साल की 20वीं जीत है। इस दौरान उन्हें चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

सेमीफाइनल में ऐलेना के सामने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला की चुनौती होगी। पेगुला ने अमेरिका की दो खिलाड़ियों के मुकाबले में 27वें स्थान पर काबिज अनास्तासिया पोटापोवा को बारिश से प्रभावित मैच में 4-6, 6-3, 7-6 से हराया। पुरुषों के चौथे दौर के मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास को करेन खाचानोव ने 7-6 , 6-4 से हराया। अलकारज ने टॉमी पॉल को 6-4, 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनके सामने फ्रिट्ज की चुनौती होगी। फ्रिट्ज ने होलगर रूने पर 6-3, 6-4 की जीत दर्ज की। सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। रुसुवुओरी ने बॉटिक वैन डे जैंडस्चुल्प को 4-6, 6-4, 7-5 से हराया।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## सड़क हादसे में बाइक सवार चार युवकों की दर्दनाक मौत

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** नेशनल हाइवे पर बुधवार शाम को जैनपुरवास कट के सामने एक बाइक सवार युवक को ट्रोले चालक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अटेली मंडी निवासी युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कुछ देर बाद ही एक किलोमीटर आगे मलपुरा के पास तीन बाइक सवार युवकों को ट्रोले ने रौंद दिया। घटना में बाइक सवार तीनो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एएसआई रतलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जैनपुरवास कट के पास हुए हादशे में युवक हरियाणा के अटेली मंडी निवासी था। व मलपुरा के पास हुए हादशे में तीनों मृतक युवक कोटपूतली निवासी थे। जिनका बीडीएम अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए।

## पंचायत समिति स्तर पर लाभार्थियो से सीएम संवाद होगा राजस्थान दिवस पर

गरीबो का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राजस्थान दिवस के अवसर पर 30 मार्च को प्रदेश भर मे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार की विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित समस्त लाभार्थियो से संवाद करेंगे , यह संवाद त्रिस्तरीय होगा जिसमे राज्य स्तर पर तथा जिला स्तर पर और ब्लॉक स्तर पर आयोजित होगा। मिडियाकर्मी महेश चन्द मीना को रैणी बीडीओ कालूराम मीना ने बताया है कि इसी कार्यक्रम के तहत ही हमारे रैणी ब्लॉक मे भी गुरुवार को राजस्थान दिवस के अवसर पर सरकारी सीनियर स्कूल परिसर मे सरकार की विभिन्न योजनाओ जैसे कि चीरन्जीवी स्वास्थ्य बीमा योजना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना , इन्दिरा रसोई योजना, देवनारायण योजना तथा काली बाई भील योजना , मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना , शुभ शक्ति योजना ,मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना , लघु उधोग प्रोत्साहन योजना , किसान मित्र ऊर्जा योजना सहित अनेक योजनाओ से लाभान्वित 500 लाभार्थियो से संवाद किया जावेगा। यह कार्यक्रम राज्य सरकार के निदेर्शानुसार रैणी उपखण्ड अधिकारी रिया डाबी के निर्देशन मे किया जावेगा और इस कार्यक्रम मे स्थानीय जन प्रतिनिधी भी शामिल होगे। मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी बीडीओ कालूराम मीना के द्वारा दी गई है।



## आपके अच्छे कर्मो का फल जीवन में अवश्य मिलेगा



गरीबो का सितारा

**गंगापुर दिनेश लक्षकार।** सहाड़ा ग्राम चामुंडा माता प्रांगण में संगीतमय श्री रामकथा के सप्तम दिवस में पंडित विनोद कुमार शास्त्री ने बताया कि भक्ति का फल आपके अच्छे कर्मों का फल जीवन में अवश्य मिलता है। और यदि कोई बुरे कर्म किए हो तो उसका भी फल जरूर मिलता है। व्यक्ति को हमेशा सत्कर्म करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। शास्त्रीजी ने केवट प्रसंग में बताया कि भगवान राम धन दौलत ऐश्वर्या संप्रभुता या किसी के प्रभाव में आकर आकर्षित रही होते हैं बल्कि प्रेम से प्रकट हो ही भेजा ना भगवान जो है वह भक्तों के प्रेम और भक्ति से प्रकट होते हैं। इसलिए भगवान के प्रति पूर्ण आस्था ही भक्तों को सफलता की ओर प्रेरित करती है ।राम शब्द जीवन की नैया से आपको पार करा देता है और साथ ही जीवन में जितने भी व्यथा होती है। वह इस राम रूपी गंगा रामचरितमानस से दूर हो जाते हैं। संगीतमय श्रीराम कथा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष वर्ग कथा का आनंद ले रहे हैं और भक्ति से ओतप्रोत भजनों पर झूम रहे हैं।

## राजेश शर्मा दार्जलिंग में कर रहे है राजस्थान का प्रतिनिधित्व

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** भारत स्काउट गाइड नई दिल्ली द्वारा आयोजित 26 मार्च से 30 मार्च तक होने वाले नेशनल एडवेंचर प्रोग्राम में स्थानीय संघ की तरफ से राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व ग्राम गूँती निवासी अध्यापक राजेश कुमार शर्मा कर रहे है। जो वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बानसूर में कार्यरत हैं। जानकारी देते हुए अध्यापक शर्मा ने बताया कि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में होने वाले नेशनल एडवेंचर प्रोग्राम में राजस्थान से 10 अध्यापकों की टीम राज्य का प्रतिनिधित्व कर रही है जो रविवार 26 मार्च से शुरू होकर 5 दिन तक चलने के बाद गुरुवार 30 मार्च को समाप्त होगी।



## अहीर जन जागृति सम्मेलन का हुआ पोस्टर विमोचन



गरीबों का सितारा

**गोविंदगढ़ (सुनील कुमार पाराशर)।** आगामी 16 अप्रैल को जयपुर में प्रस्तावित अहीर जन जागृति सम्मेलन को लेकर गोविंदगढ़ पंचायत समिति के पूर्व प्रधान भगवान सहाय धांसिल के नेतृत्व में निजी शिक्षण संस्थान संस्कार अकादमी में बुधवार को सम्मेलन का पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित हुआ ' इस मौके पर पूर्व प्रधान धांसिल ने कहा कि यादव समाज के लोगों के आपसी समन्वय से ही समाज का विकास संभव है सम्मेलन को सफल बनाना हमारा उद्देश्य है ' इस दौरान यादव समाज के लोगों ने आगामी 16 अप्रैल को जयपुर में आयोजित होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की ' साथ ही सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया ' इस मौके पर पूर्व सरपंच नंदकिशोर यादव, अहीर रेजिमेंट जिला महामंत्री कैलाश मेहता, संस्कार अकादमी के निदेशक सांवरमल यादव, सरपंच प्रत्याशी संजय यादव, अशोक कनीनवाल, भगवान सहाय कामलोडिया, कानाराम खेरवाल, किशोर बिछवालीया, सहित यादव समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# पहल सेवा संस्थान ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में रखी साफा प्रतियोगिता दिया राजस्थानी वैभव का परिचय







गरीबों को सितारा

**युवराज शर्मा।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में पहल सेवा संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र गोयल के नेतृत्व में शालीमार स्थित कांशिका सभागार में साफा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निर्णायक मंडल में अतिथि के तौर पर पार्षद सतीश यादव भाजपा नेता मनोज चौहान गोवर्धन सिंह सिसोदिया जिला पार्षद गगनदीप सिंह सरदार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल पूर्व इकाई के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने की ओर कहा पाश्चात्य संस्कृति की दौर में राजस्थानी परंपराओं को प्रचारित करने और आपस में जोड़ने में ऐसे प्रयासों के लिए संस्थान को साधुवाद ।पार्षद सतीश यादव ने कहा साफा और पगड़ी राजस्थानी आन बान शान की पहचान रही है मनोज चौहान और गोवर्धन सिसोदिया ने साफा और पगड़ी को राजस्थान की अस्मिता और क्षेत्रीय पहचान का प्रतीक बताया गगन दीप सिंह ने कहा राजस्थानी अपनी पगड़ी पर जान लुटाते आए है और पगड़ी साफे का मतलब हमारे लिए हमारा स्वाभिमान है इस तरह पहल संस्थान की युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का ये प्रयास अनुकरणीय है ।कार्यक्रम संयोजक भविक भाई जोशी ने बताया प्रतियोगिता परिणाम में प्रथम लोकेश भड़ाना,उम्मेद चौहान दीपक गुप्ता द्वितीय रोहित शर्मा,प्रकाश वर्मा,रजत ठाकुरिया, तृतीय अमित जोगी विजय कोली, भविक भाई जोशी रहे। सांत्वना पुरस्कार यशोधन पराशर कुश कौशिक चतर सिंह गुर्जर को दिया गया ।अभार अमित कश्मीरी ने जताया। कार्यक्रम में हरी ओम गोयल, सुरेंद्र यादव,हिमांशू पारीक,ललित पंवार राहुल खान आदि का सहयोग रहा।

### गणगौर की बोलावणी 01 अप्रैल को

## 30 मार्च को होगा हल्दी रस्म का आयोजन



गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** श्री सैनी क्षत्रिय फूल मालियान पंचायत बड़ा बास समाज सेवा संस्था सूरज पोल गेट के तत्वाधान में आयोजित गणगौर महोत्सव के तहत गणगौर की बोलावणी और मंगल फेरे 1 अप्रैल को शाम 7 बजे महादेव जी की छतरी पर आयोजित किये जायेंगे मालियान पंचायत बड़ा बास अध्यक्ष कैलाश गहलोत ने बताया की गणगौर महोत्सव के तहत 30 मार्च को दिन में 3 बजे गणगौर की हल्दी की रस्म का आयोजन किया जाएगा जिसमे भगवान शिव और पार्वती के रूप में ईसर गणगौर को हल्दी की रस्म और फूलो की होली का आयोजन किया जाएगा 01अप्रैल को ही शाम सात बजे से गणगौर की बोलावणी का धूमधाम से बेंड बाजो के साथ आयोजन किया जाएगा उसके बाद महादेव जी की छतरी पर मंगल फेरे आयोजित किये जाएंगे।

## ट्रोले ने युवकों को रौंदा, हादसे में बाइक सवार 4 युवकों की मौत







गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा कोटपूतली।** दिल्ली जयपुर नेशनल हाइवे के जैनपुरवास कट व मलपुरा के पास अलग-अलग सडक हादसों में चार जनों की दर्दनाक मौत हो गई। जिसमें कस्बे के ढ़ाणी डांसावाली निवासी तीन युवक भी शामिल है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाइवे पर ग्राम जैनपुरबास सोतानाला पुलिया के पास हरियाणा के अटेली थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर निवासी 25 वर्षीय कृष्ण कुमार पुत्र बाबूलाल मेघवाल की मौके पर ही मौत हो गई। पनियाला थाना पुलिस के एएसआई रतन सिंह ने बताया कि मृतक कृष्ण कुमार की शादी दो वर्ष पूर्व जैनपुरबास निवासी हँसराज मेघवाल की पुत्री पूजा के साथ हुई थी। जिसके एक वर्ष की बेटी है। मृतक की पत्नी पूजा देवी वर्तमान में सात माह की गर्भवती है जो पीहर में थी। जिसके चलते कृष्ण कुमार अपनी पत्नी से मिलने के लिए आया था। मृतक हरियाणा मेडीकल विभाग में कार्यरत था। जिसके राजमार्ग पर चढ़ते ही जयपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर ने बाईक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाईक ट्रेलर के आगे जा फंसी। जिससे मृतक के दोनों पैर पुरी तरह कुचल जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिससे राजमार्ग पर लम्बा जाम भी लग गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं दुसरी ओर बहरोड़ से शादी समारोह के लिए कपड़े खरीद कर लौट रहे कस्बे के श्याम मंदिर के निकट ढ़ाणी डांसावाली निवासी तीन युवकों की भी ग्राम मलपुरा स्थित केशवाना पुलिया के नजदीक सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार तीनों युवक सडक किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे जिन्हें एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में 20 वर्षीय विक्रम पुत्र रमेश सैनी, 20 वर्षीय देशराज पुत्र बिरजू सैनी व 21 वर्षीय अभिषेक पुत्र सुरेश सैनी की ट्रेलर से कुचले जाने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तीनों युवकों के परिवार में गुरूवार को शादी समारोह भी है। इस दौरान जिला अस्पताल में भारी भीड़ भी जमा हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## सेवा इंटरनेशनल ने लोहा मंडी घुमंतू बस्ती मे मनाया फागुन उत्सव







गरीबों का सितारा

**रुपेश शर्मा अलवर।** सेवा इंटरनेशनल और घुमंतू जाति उत्थान न्यास द्वारा अलवर के लोहा मंडी स्थित घुमंतू समाज की बस्ती में आज फाल्गुन उत्सव मनाया गया। मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई कार्यक्रम में डॉ पंकज गुप्ता मुख्य अतिथि थे, और अन्य विशिष्ट अतिथियों में अश्वनी जावली यशवंत कुमार गुप्ता रोहन लोहार प्रेम प्रकाश शर्मा और डॉक्टर राज रहे। कार्यक्रम में घुमंतू जाति के बच्चों ने अनेकों गीतों पर नृत्य और गीत की प्रस्तुति दी। महिलाओं ने भी बहुत से लोग गीत गाए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ पंकज गुप्ता ने बच्चों को शिक्षा प्राप्ति पर जोर दिया और उन्हें संदेश दिया कि घुमंतू समाज और अन्य पिछड़ी जातियों के बच्चे विषमताओं में रहते हैं और ये विषमताऐ उनके जीवन में आगे बढ़ने के लिए जीवटता पैदा करती है जिससे उनके विकास में निखार आता है, सोना कूट-कूट के ही चमकता है उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी भी कीमत पर अपनी पढ़ाई को पूरा करना चाहिए और समाज के मुख्यधारा में गौरव के साथ जीने के लिये विशेष महत्व है इस अवसर पर उन्होंने खेलों के महत्व पर भी प्रकाश डाला और बताया कि उन्हीं के समाज की बच्ची अंजलि हॉकी पर उच्च स्तर पर अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर रही है। कार्यक्रम के संयोजक सेवा इंटरनेशनल के संदीप शर्मा और उनके साथियों ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## गढ़ीसवाईराम के पास अन्तापाडा मे गायो से भरा मिनी ट्रक लावारिस मिला बताया जिसमे दो गाय मृत मिली





गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के गढ़ीसवाईराम कस्बे के समीप ग्राम अन्तापाड़ा मे बुद्धवार सुबह एक गायो से भरा मिनी ट्रक 407 गाड़ी गढ़ीसवाईराम पुलिस को लावारिश खड़ी हुई मिली। गढ़ीसवाईराम चौकी इंचार्ज रमेश मीना ने बताया कि बुद्धवार सुबह लगभग 6 बजे जरिये टेलीफोन सूचना मिली कि अन्तापाड़ा जोहड़ के पास एक गायो से भरी 407 गाड़ी लावारिश हालत मे खड़ी है। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज मौके पर मय जाप्ता मौके पर पहुँचे व मौके पर जा कर देखा तो उसमे दस गाये बंधी पड़ी हुई है और गौ तस्कर फरार हो चुके है। यह मामला लक्ष्मनगढ़ थाना इलाके का होने के कारण थानाअधिकारी लक्ष्मनगढ़ और कंट्रोलरूम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थानाअधिकारी लक्ष्मनगढ़ अवतार सिंह गुर्जर मौके पर पहुचे और गायो को ग्रामीणो की मदद से गाडी मे से नीचे उतरवाया। दस गायो मे से दो गाये मृत मिली तथा शेष आठ घायल गायो को गढ़ीसवाईराम गो शाला पहुचा दिया गया तथा दो मृत गायो का चिकित्सक बुलाकर पोस्टमार्टम करवा कर ग्राम अन्तापाड़ा मे ही जमीन मे गड्ढा खुदवा कर दबवा दी गई। मामले की जाँच कर कार्रवाही की जायेगी ।मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।

## पक्षियों के दाना पानी के लिए निः शुल्क पक्षी परिण्डा वितरण

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** प्रकल्प प्रभारी - जुगल किशोर मनिहार ने बताया कि बुधवार अष्टमी के पावन पर्व पर उदयपुर रोड़ स्थित आशापुरा माता मंदिर में शाम की आरती के समय निशुल्क 301 पक्षी परिण्डा वितरण किए गए। भीषण गर्मी में बेजुमान पक्षियों के दाना पानी डालने के लिए पक्षी परिण्डा वितरण किए गए। जिसका धर्म प्रेमी बंधु लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम में प्रकल्प प्रभारी - जुगल किशोर मनिहार, अमरचंद मूंदड़ा, राजेंद्र काबरा, दिलीप गेलड़ा, ड्रा एल एन बल्दुआ, कन्हैया लाल शर्मा, भुवनेश जागिड़, ड्रा लालचंद हेडा, श्यामसुंदर गुप्ता, पंकज बंट, रेखा सोमानी, प्रतिभा शर्मा, मंजू गुप्ता, कमलेश बंट आदि सदस्यो में सेवाएं दी ।





गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### भगत की कोठी-पुणे एक्सप्रेस रेलसेवा का रानी व जवाई बांध स्टेशनों पर ठहराव

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे द्वारा भगत की कोठी-पुणे एक्सप्रेस रेलसेवा का रानी व जवाई बांध स्टेशनों पर ठहराव प्रारंभ किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 11089, भगत की कोठी-पुणे एक्सप्रेस रेलसेवा, जो दिनांक 04.04.23 से भगत की कोठी स्टेशन से प्रस्थान करेगी, वह रानी स्टेशन पर 14.44 बजे आगमन एवं 14.45 बजे प्रस्थान तथा जवाई बांध स्टेशन पर 15.14 बजे आगमन एवं 15.15 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11090, पुणेझ्र भगत की कोठी रेलसेवा, जो दिनांक 09.04.23 से पुणे स्टेशन से प्रस्थान करेगी, वह रानी स्टेशन पर 13.14 बजे आगमन एवं 13.15 बजे प्रस्थान तथा जवाई बांध स्टेशन पर 12.40 बजे आगमन एवं 12.48 बजे प्रस्थान करेगी। गौरतलब है कि उपरोक्त ठहराव के कारण गाड़ी संख्या 11089, भगत की कोठीझ्र पुणे रेल सेवा का फालना स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। अब यह रेल सेवा फालना स्टेशन पर 14.55 बजे के स्थान पर 14.58 बजे आगमन कर 14.57 बजे के स्थान पर 15.00 बजे प्रस्थान करेगी।

### श्रीगंगानगर-तिरूच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस रेलसेवा का गोकाक रोड स्टेशन पर ठहराव

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु श्रीगंगानगर-तिरूच्चिराप्पल्लि रेलसेवा का प्रायोगिक तौर पर गोकाक रोड स्टेशन पर ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 22497, श्रीगंगानगर- तिरूच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 03.04.23 से 02.10.23 तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी वह गोकाक रोड स्टेशन पर 02.03 बजे आगमन एवं 02.04 बजे प्रस्थान करेगी।

### हिसार-कोयम्बटूर-हिसार एक्सप्रेस रेलसेवा का भटकल स्टेशन पर ठहराव

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु हिसार-कोयम्बटूर-हिसार रेलसेवा का दिनांक 02.04.23 से भटकल स्टेशन पर ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 22475, हिसार-कोयम्बटूर एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 07.06.23 तक हिसार से प्रस्थान करेगी (नॉन मानसून समय-सारणी) वह भटकल स्टेशन पर 03.00 बजे आगमन एवं 03.02 बजे प्रस्थान करेगी एवं जो दिनांक 10.06.23 से हिसार से प्रस्थान करेगी (मानसून समय-सारणी) वह भटकल स्टेशन पर 04.40 बजे आगमन एवं 04.42 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 22476, कोयम्बटूर-हिसार एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 07.06.23 तक कोयम्बटूर से प्रस्थान करेगी (नॉन मानसून समय-सारणी) वह भटकल स्टेशन पर 00.24 बजे आगमन एवं 00.26 बजे प्रस्थान करेगी एवं जो दिनांक 10.06.23 से कोयम्बटूर से प्रस्थान करेगी (मानसून समय-सारणी) वह भटकल स्टेशन पर 23.12 बजे आगमन व 23.14 बजे प्रस्थान करेगी। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त रेलसेवा का ठहराव छः माह के लिए दिया जा रहा है, जिसे समीक्षा पश्चात बढाया भी जा सकता है।

### अनुरक्षण कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित

#### अजमेर-रामेश्वरम रेलसेवा मार्ग परिवर्तित होकर संचालित होगी

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** दक्षिण रेलवे द्वारा तिरूच्चिराप्पल्लि मण्डल पर अनुरक्षण कार्य हेतु ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इस ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाडी संख्या 20973, अजमेर-रामेश्वरम्-रेलसेवा जो दिनांक 01.04.23, 08.04.23, 15.04.23 व 22.04.23 को अजमेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया विल्लुपुरम-कडलूर पोर्ट-वृद्धाचलम होकर संचालित होगी।

### ज्ञानपुरा में किसान संगोष्ठी का हुआ आयोजन



गरीबों का सितारा

**रींगस।** ग्राम पंचायत मलिकपुर के राजस्व गांव ज्ञानपुरा के समीप प्रशिक्षण स्थल किसान नानूराम दूधवाल व कैलाश चंद के कृषि फार्म हाउस पर किसान संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ ऋषिकेश व डॉ वेद प्रकाश रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि गिरधारी सिंह रूलानियां थे। किसानों ने अतिथियों का स्वागत किया। गिरधारी सिंह रूलानिया ने बताया कि संगन्द मिशन भारत सरकार के अंतर्गत लखनऊ से आए डॉ वेद प्रकाश व डॉ ऋषिकेश ने सुगंधित पौधों का अवलोकन किया गया। वहीं किसानों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई। एरोमा मिशन के तहत गांव में आसवन इकाई की स्थापना की गई। सुगंधित पौधे लेमन ग्रास की खेती की जानकारियां दी गई। किसान संगोष्ठी में आसपास के काफी किसानों ने भाग लिया।

### रामनवमी : भगवान राम की निकालेंगे शोभायात्रा, धार्मिक कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन

गरीबों का सितारा

**रींगस।** रींगस कस्बे के प्राचीन श्री सीताराम जी के मंदिर में भगवान राम के जन्मोत्सव पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी गौतम खेस्तिका व कौशल खेस्तिका ने बताया कि जन-जन के आराध्य भगवान राम के जन्मोत्सव पर रींगस के प्राचीन श्री सीताराम जी मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ, जिसके तहत बावड़ी वाले बालाजी में अखंड रामायण पाठ शुरू हुए। जिसमें पंडित पंकज मिश्रा के सानिध्य में सुरेंद्र सिंह झाला यजमान बने। रामनवमी पर भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया जाएगा जिसमें भगवान राम की महा आरती होगी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल होंगे।

# भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन मे विस्तार करते हुए अलवर जिला उपाध्यक्ष पद पर नरेश कुमार जैन को नियुक्त किया

## ये नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव/अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना की सिफारिश पर दी गई है

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने मिडिया को बताया है कि हमारा यह संगठन पूरे भारत देश के कोने कोने मे सभी राज्यो मे बहुत तेजी से सक्रिय है व सभी राज्यो मे दिन प्रतिदिन लोकप्रिय होता ही जा रहा है और आमजन के हित मे भ्रष्टाचार के खिलाफ व महिला अत्याचार के खिलाफ और शोषण के विरूद्ध व बाल श्रम के खिलाफ लगातार संगठन परैवी कर रहा है, हमारे इस संगठन का मुख्य उद्देश्य यह है कि भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरो के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाना है और महिलाओ के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना व भ्रष्टाचारियो का पदार्फाश करना है तथा पुलिस प्रशासन का भी अच्छा सहयोग करना है तथा आरटीआई एक्ट 2005 का उपयोग कर भ्रष्टाचार को भी उजागर करना है एवं अन्य




दूसरे भी कई प्रकार भी काम जो आमजन के हित मे हो। यह संगठन भारत सरकार द्वारा रिकोग्नाइज्ड संगठन है और इस संगठन का रजिस्ट्रेशन नम्बर 26/2019 है, यह संगठन बहुत ही तीव्र गति से पूरे भारत देश मे सभी जगह अनवरत रूप से विस्तार कर रहा है। बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने अलवर जिले मे अलवर जिला उपाध्यक्ष पद पर नरेश कुमार जैन निवासी परबैणी को नियुक्ति दी है। ये नियुक्ति राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव/अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना की सिफारिश के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है। इसी संगठन विस्तार की कडि मे ही राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना (अलवर जिला संयुक्त सचिव) द्वारा भी अलवर की रैणी तहसील से भी लगातार संगठन सदस्य बनाये जा रहे है राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार सभी संगठन सदस्यो को निःशुल्क सदस्यता दी जाती है। इस संगठन मे संगठन सदस्य निःशुल्क सदस्य बनाये जाते है तथा संगठन सदस्य को पदाधिकारी द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया जाता है। यह संगठन आमजन के हित मे हमेशा सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से सहयोग प्राप्त कर ही कामयाबी प्राप्त करने मे विश्वास रखता है। मिडिया को यह सारी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है।

# रैणी सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विभा आर्य की हुई पदोन्नति

## आर्य का अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप मे रैणी से कोटा मे तबादला हुआ



### रैणी के अधिवक्ताओ ने विदाई समारोह पर चाय पार्टी का रखा आयोजन

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर जिले की रैणी सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विभा आर्य की पदोन्नति अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप मे हो गई है और आर्य को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर कोटा तबादला हो गया है। बुधवार को दोपहर बाद रैणी कोर्ट परिसर मे आर्य का सम्मान के साथ रैणी के सभी अधिवक्ताओ द्वारा भगवान की तस्वीर भेट कर विदाई समारोह रखा गया और सभी ने एक साथ चाय पार्टी का आयोजन भी रखा। इस दौरान इस अवसर पर विभा आर्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रैणी, सुभाष चंद शर्मा, शिव सहाय मीणा, सतेंद्र सैदावत, सुनील शर्मा, प्रदीप दीक्षित, महेश चंद मीणा, रवि कुमार मीणा, रामकिशोर मीणा, भगवती प्रसाद मीणा, संजय सैनी एडवोकेट तथा रैणी के समस्त न्यायायिक कर्मचारी गण व मिडियाकर्मी उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी सुभाष चन्द शर्मा, प्रदीप कुमार दीक्षित व भगवती प्रसाद मीना तथा सत्येंद्र सैदावत के द्वारा दी गई।

# चिकित्सक हड़ताल पर, लेकिन फिर भी इमरजेंसी मरीजो के तो ईलाज किए गढ़ीसवाईराम सीएचसी पर



गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राजस्थान मे अलवर जिले सहित प्रदेशभर मे राईट टू हेल्थ बिल के विरोध मे निजी व सरकारी डॉक्टर सभी हड़ताल पर चल रहे है, इसी के चलते गढ़ीसवाईराम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भी सभी चिकित्सक हडताल पर होने से सुबह से होम्योपैथिक चिकित्सक दीपेन्द्र नैनावत ने मरीज देखना शुरू ही किया था इसी दौरान गढ़ीसवाईराम कस्बे के समीप गाँव सुनारी से चार महिलाए किसान बुग्गे मे बैठ कर खेत से अपने घर जा रही थी रास्ते मे बुग्गा बिजली के पोल से टकरा जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमे बैठी सभी महिलाएं लहुलुहाल हो गई तथा माथे और हाथ पैरो मे चोट आई। जिनको गढ़ीसवाईराम अस्पताल लाया गया। वहॉ पर केश की गंभीरता देखते हुए डा. के. सी. मीना ने घायल निर्मला मीना, झूरी मेव, गीता मीना व सुशीला शर्मा के सिर मे ज्यादा चोट होने पर टांके लगाये तथा उनका उपचार कर छुट्टी दे दी गई। इस दौरान गढ़ीसवाईराम अस्पताल मे नर्सिंग कर्मी मौजूद थे। इसलिए ही तो डाक्टर को भी भगवान की संज्ञा दी गई है



क्योंकि यदि डाक्टर समय पर उपचार नही करे तो प्राणी का जीवन खतरे मे पड सकता है। मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।

# डॉक्टर्स संगठनों के कार्य बहिष्कार के बावजूद पीबीएम में स्वास्थ्य सेवाएं चाक चौबंद

## प्राचार्य डॉक्टर गुंजन सोनी स्वयं देख रहे ओपीडी





गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बुधवार से रेजिडेंट डॉक्टर संघ तथा राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिशन के कार्य बहिष्कार को देखते हुए प्रधानाचार्य डॉ गुंजन सोनी ने कुशल प्रबंधन करते हुए ओपीडी सेवा के लिए वरिष्ठ आचार्यों की ड्यूटी लगा दी है इसी के साथ स्वयं ओपीडी मरीजों को देख रहे हैं भर्ती मरीजों के लिए भी वरिष्ठ आचार्य, नर्सिंग स्टाफ पैरामेडिकल स्टाफ आदि को विशेष निर्देश दिए गए पीबीएम अस्पताल से कोई भी मरीज इलाज के अभाव में जाना नहीं चाहिए। इसी के साथ इंटर्न डॉक्टर भी अपनी सेवाएं पूरी मुस्तैदी के साथ दे रहे हैं जिससे भर्ती मरीजों को कोई प्रकार की



असुविधा नहीं होगी। राजस्थान सरकार के निदेशों की पालनार्थ कॉलेज प्रशासन आम जन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**यह वरिष्ठ आचार्य दे रहे ओपीडी में अपनी सेवाएं**

डॉक्टर संजय कोचर, डॉ स्वाति फलोदिया, डॉक्टर सुनील बुडानिया, डॉक्टर पिंटू नाहटा, डॉ मनोहर, डॉक्टर नरेंद्र डारा, वरिष्ठ आचार्य, डॉक्टर प्रमोद ठकराल, डॉ राजेंद्र सौगात, सहित अनेक वरिष्ठ आचार्य कार्य बहिष्कार के दौरान अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# सीएलसी में दुर्गाष्टमी पर भजन संध्या और हवन का आयोजन



गरीबों का सितारा

**सीकर।** सीएलसी परिसर स्थित विजय ग्राउंड में बुधवार को दुर्गाष्टमी के अवसर पर हवन व भजन संध्या का आयोजन किया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी निदेशक इंजी. श्रवण चौधरी ने बताया कि सीएलसी का हमेशा से ही संस्कारों से सरोकार रहा है और इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए पढ़ाई के साथ ही बच्चों को संस्कारवान बनाने और अपनी परंपराओं से जोड़े रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहते है। चौधरी ने बताया कि नवरात्र स्थापना के दिन से ही हर रोज संध्याकालीन असेंबली में माता की आरती के साथ विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार किया जाता है। इस अवसर पर जीणमाता पुजारी परिवार द्वारा हवन का कार्यक्रम संपन्न करवाया



गया। हवन के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें आकर्षक भजनों की प्रस्तुति पर छात्र एवं शिक्षक भक्तिरस से सराबोर हो गए। हवन कार्यक्रम में सीएलसी संरक्षक प्रेम सिंह चौधरी, सीईओ साहिल चौधरी, सीओओ समर चौधरी, एचआर हेड वीरेंद्र चौधरी, परमेश्वर शर्मा, गोवर्धन रूकनसर, शिवपाल ख्यालिया तथा मामराज जाखड़ उपस्थित रहे।

# सर्व समाज हिंदू महासभा कार्यकारिणी की बैठक हुई आयोजित

### रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर की गई बैठक

**जयपुर।** रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर सर्व समाज हिंदू महासभा कार्यकारिणी की बैठक अग्रसेन की बगीची कंवर नगर जयपुर में संरक्षक स्वामी बालमुकुंदाचार्य जी महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर महासभा संयोजक चंद्र प्रकाश भाडेवाले, पूर्व पार्षद अजय यादव, रघुवीर अग्रवाल, शंकर झालानी सहित अनेक संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। राम जन्म उत्सव एवं शोभायात्रा के प्रवक्ता एवं संयोजक चंद्रप्रकाश भाड़ेवाले ने बताया बैठक में तय किया गया कि सर्व समाज की ओर से राम नवमी के पावन पर्व पर गलता गेट से दोपहर 3 बजे शोभा यात्रा प्रारंभ होगी जो रामगंज बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, चौड़ा



रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, किशनपोल बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार होते हुए श्री रामचंद्र जी मंदिर चांदपोल पहुंचेगी। भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा में 36 कौम के प्रतिनिधि वाल्मीकि समाज, खाती समाज, मेघवाल समाज, बलाई समाज, रैगर समाज, ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज, खंडेलवाल समाज, माहेश्वरी समाज, सिंधी समाज, सिख समाज, पंजाबी अरोड़ा समाज, सोनी समाज, सैनी समाज, राजपूत समाज, जैन समाज सहित 36 कौम के प्रतिनिधि परकोटे में मंच लगाकर संतो के सानिध्य में विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री राम की आरती उतारेंगे एवं पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत करेंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# पुष्करणा महाकुम्भ को लेकर तीसरे दिन भी जनसंपर्क अभियान जारी



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** पुष्करणा महाकुम्भ 9 अप्रेल को एमएम ग्राउण्ड में होने जा रहा है, इसके व्यापक प्रसार प्रचार को लेकर आयोजन समिति द्वारा पुष्करणा बाहूल्य क्षेत्रों में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान को लेकर पुष्करणा समाज के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति के भंवर पुरोहित ने जानकारी देते हुए कहा कि तीसरे दिवस के जनसंपर्क अभियान की शुरूआत बड़ा.गणेश मंदिर में भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त कर किया गया। जन संपर्क के दौरान पुष्करणा समाज के परिवारों को महाकुम्भ के ऐजेण्डे की जानाकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी निभाने का आग्रह किया जा रहा है। नवनित पुरोहित ने कहा कि तीसरे दिन बडा गणेश मंदिर के आसा पास का क्षेत्र, गोकूल सर्किल, आरबीएम स्कूल, आशापुरा मंदिर, नत्थूसर गेट, आचार्य की घाटी के नीचे स्थित जोशीयों की गली, चौथाणी ओझाओं का चौक आदि क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया गया। प्रवक्ता विनय थानवी ने बताया कि तीसरे दिवस जनसंपर्क अभियान में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी भागीदारी निभाई इसके अंतर्गत पंडित गोपाल व्यास, श्रीलाल व्यास (श्री भा), महेन्द्र व्यास, भाया महाराज, वार्ड 59 की पार्षद सुनिता व्यास, मनोज किराडू, पंडित गिरिराज जोशी, विजय लक्ष्मी, उषा, सरस्वती, दिनेश, कमला, जमना, सुखदेव, शिवजी जोशी, अरविन्द राजा व्यास, शंकर बोहरा, किशन घंटी, राघव, केशव, आशुतोष व्यास, किशन ओझा, कैलाश सारस्वत, रामस्वरूप हर्ष, सुशील, , पुष्पा देवी, सावित्रि, संतोष देवी, अशोक भादानी, लालचंद भादानी, बच्छराज रामकुमार, कैलाश व्यास, केसी काका आदि ने विभिन्न क्षेत्रों मे जन संपर्क कर अपनी भागीदारी निभाई।



# पहल सेवा संस्थान ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में रखी साफा प्रतियोगिता

## दिया राजस्थानी वैभव का परिचय

गरीबों का सितारा

**अलवर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में पहल सेवा संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र गोयल के नेतृत्व में शालीमार स्थित कांशिका सभागार में साफा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निर्णायक मंडल में अतिथि के तौर पर पार्षद सतीश यादव भाजपा नेता मनोज चौहान गोवर्धन सिंह सिसोदिया जिला पार्षद गगनदीप सिंह सरदार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल पूर्व इकाई के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने की ओर कहा पाश्चात्य संस्कृति की दौर में राजस्थानी परंपराओं को प्रचारित करने और आपस में जोड़ने में ऐसे प्रयासों के लिए संस्थान को साधुवाद। ।पार्षद सतीश यादव ने कहा साफा और पगड़ी राजस्थानी आन बान शान की पहचान रही है मनोज चौहान और गोवर्धन सिसोदिया ने साफा और पगड़ी को राजस्थान की अस्मिता और क्षेत्रीय पहचान का प्रतीक बताया गगन दीप सिंह ने कहा राजस्थानी अपनी पगड़ी पर जान लुटाते आए है और पगड़ी साफे का मतलब हमारे लिए हमारा स्वाभिमान है इस तरह पहल संस्थान की युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का ये प्रयास अनुकरणीय है ।कार्यक्रम संयोजक भाविक भाई जोशी ने बताया प्रतियोगिता परिणाम में प्रथम लोकेश भड़ाना, उम्मेद चौहान दीपक गुप्ता द्वितीय रोहित शर्मा, प्रकाश वर्मा, रजत ठाकुरिया, तृतीय अमित जोगी विजय कोली, भविक भाई जोशी रहे। सांत्वना पुरस्कार यशोधन पराशर कुश कौशिक चतर सिंह गुर्जर को दिया गया। कार्यक्रम में हरी ओम गोयल, सुरेंद्र यादव, हिमांशू पारीक, ललित पंवार राहुल खान आदि का सहयोग रहा।



# बड़ा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी भक्तों की लगी है कतार भवानी...

**अष्टमी को 21 किलो की पोशाक सहित कोलकाता मुंबई से श्रद्धालुओं द्वारा भेजी गई 11 पोशाकों से हुआ मां जीण का श्रृंगार**



## माता के दर्शन हेतु नवरात्रि में उमड़ रहे श्रद्धालु

गरीबों का सितारा

**सीकर (विनोद धायल।** जीण माता में अष्टमी के दिन मुख्य मेले का आयोजन हुआ। सुबह साढ़े आठ बजे महाआरती हुई उसके बाद जयपुर के फलों का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं द्वारा अब विशेष अष्टमी की धोक लगाई गई। जीण माता मंदिर व मेले में दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में लोग आए। मां जीण भवानी को कटियार की 21 किलो की पोशाक सहित 11 पोशाकों का श्रृंगार किया गया। कोलकाता व दिल्ली के फूलों से माता के मंदिर को सजाया गया। मंदिर परिसर में भक्तों का हुजूम उमडा। श्रद्धालु अपने घर पर जोत लेकर यहां परिवार सहित धोक लगाने आए अष्टमी पर जात-जडले की रस्म करने के लिए भी बड़ी संख्या में भक्त आए। मंदिर कमेटी के अनुसार चैत्र नवरात्र मेले में अब तक करीब 10 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।



सितारा न्यूज नेटवर्क LIVE सितारा न्यूज नेटवर्क

### नवरात्र में महाष्टमी और महानवमी का महत्व

जीण माता का आठवां रूप मां महागौरी है। इनका अष्टमी के दिन पूजन का विधान है। पूजन करने से समस्त पापों का क्षय होता है, सुख में वृद्धि होती है, शत्रु शमन होता है। नवमी के दिन सिद्धि दायिनी मां यानी सिद्धियों को देने वाली सिद्धिदात्री का पूजन-अर्चन करने का विधान है।







### 11 पोशाकों का श्रृंगार किया गया

आज कटियार, कोलकाता, जयपुर, मुंबई, सीकर अजमेर सहित अनेक जगह से मां की पोशाको का श्रृंगार अलग-अलग समय पर किया गया। सिंदूरी चोला पंचामृत से मां का अलग से श्रृंगार किया गया।

### अष्टमी के मेले पर प्रशासन की कड़ी नजर

एसडीएम प्रतिभा वर्मा व तहसीलदार विपुल चौधरी की अगुवाई में अष्टमी के मेले का आयोजन हुए। सैकड़ों पुलिसकर्मी मेले की व्यवस्था बनाए रखें हैं। सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी असामाजिक तत्व पर भी नजर बनाए हुए हैं ।मंदिर ट्रस्ट से श्रद्धालुओं के लिए सुलभ दर्शनों के लिए व्यवस्था की गई है।

# 19 देशों के 25 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने हाउसिंग बोर्ड की परियोजनाओं का किया गया अध्ययन

## प्रतिनिधिमंडल ने बेहतर प्रबंधन के लिए मंडल की कार्यशैली की दिल खोलकर की सराहना

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** विदेश मन्त्रालय एवं मानव प्रबन्धन बसाव संस्थान (ल्ह्रटक) नई दिल्ली द्वारा क्ळिएउ पाठ्यक्रम योजना के तहत आयोजित किये जा रहे "ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर ओवरसीज प्रोफेशनल्स ऑन फॉर्मल सॉल्यूशंस टू इनफॉर्मल सेटेलमेंट्स" के अन्तर्गत 19 देशों के 25 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमण्डल ने बुधवार को आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन पर मंडल की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अध्ययन किया। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के जरिए जयपुर के मशहूर सिटी पार्क, विधायक फ्लैट्स, अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोजक्ट (मुख्यमंत्री जन आवास योजना) सहित कई अन्य परियोजनाओं का विस्तार से परिचय दिया। प्रस्तुतिकरण को देखकर प्रतिनिधिगण हतप्रभ थे कि कोरोना में जब पूरी दुनिया त्रस्त थी, तब मंडल उसी गति से कैसे काम पर पाया। उन्होंने विधायक आवास योजना के निर्माण की गति पर भी हैरानी जाहिर करते हुए कहा कि मंडल ने किसी प्राइवेट बिल्डर से भी तेज गति से काम कर दिखा दिया कि बेहतर नेतृत्व के भी कुछ मायने होते हैं। प्रतिनिधि दल गुरुवार को सिटी पार्क, विधायक आवास परियोजना और अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोजक्ट का भी दौरा करेगा। आयुक्त ने प्रजेंटेशन के दौरान बताया कि मंडल ने आवासों के अलावा लीक से हटकर भी कई नवाचार किए हैं। उन्होंने इस दौरान कोचिंग हब, सिटी पार्क, चौपटियां, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब जैसी परियोजना के बारे में भी बताया। प्रतिनिधिमंडल ने सभी योजनाओं को दिलचस्पी से देखा और सराहा भी। उल्लेखनीय है कि दुनिया के 19 देशों के 25 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय जयपुर के स्टडी टूर पर है। प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के अन्य विभागों की प्रमुख योजनाओं का भी अध्ययन करेगा। इस अवसर पर हडको से वर्षा पुनहानी, सुधीर भटनागर, मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, मुख्य अभियंता द्वितीय जीएस बाघेला, मुख्य अभियंता मुख्यालय मनोज गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।





# एनआरआई स्काई पार्क योजना को निरस्त कर व्यवसायिक एवं सामुदायिक उपयोग की मांग

**राज आंगन सोसायटी के प्रतिनिधियों ने आवासन आयुक्त से एनआरआई स्काई पार्क योजना को निरस्त कर व्यवसायिक एवं सामुदायिक उपयोग की मांग की**

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** प्रताप नगर के सेक्टर 24 में स्थित राज आंगन सोसायटी के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने बुधवार को आवासन आयुक्त श्री पवन अरोड़ा को सोसाइटी में स्थित स्काई पार्क योजना (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स योजना) को निरस्त करते हुए उस भूमि को व्यवसायिक और सामुदायिक उपयोग में लेने का आग्रह किया। आवासन आयुक्त ने उनकी मांग को सहानुभूतिपूर्वक सुना और सकारात्मक सोच के साथ समाधान करने के लिए आश्वस्त किया। मंडल मुख्यालय 'आवास भवन' के बोर्ड रूम में सोसायटी के पदाधिकारियों एवं मण्डल अधिकारियों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में बैठक में श्री अरोड़ा ने कहा कि मंडल इस बारे में विचार कर जल्द ही फैसला लेगा। सोसायटी के सचिव श्री संजय हरपावत ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से स्काईपार्क की भूमि पर बेहतर व्यवसायिक और सामुदायिक उपयोग को दशार्या। उन्होंने कहा कि मल्टीस्टोरी योजना से राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को जो आय प्राप्त हो रही थी उससे अधिक है राशि इस प्रस्ताव से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से सोसाइटी के निवासियों का जनआक्रोश भी समाप्त होगा। सोसाइटी अध्यक्ष श्री शशि भार्गव ने कहा कि राज आंगन सोसायटी एक प्लॉटेड स्कीम है जबकि बहुमंजिला फ्लैट आने से सोसाइटी के निवासियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इस भूमि का व्यवसायिक और सामुदायिक उपयोग होने से क्षेत्र का बफर जॉन भी मेंटेन किया जा सकेगा। बैठक में राज आंगन सोसायटी के अध्यक्ष श्री शशि भार्गव, संस्थापक अध्यक्ष श्री शेखर गर्ग, सचिव श्री संजय हरपावत सहित श्री ऋषिपाल सिंह और श्री निलेश उपस्थित रहे। मंडल की ओर से मुख्य अभियंता प्रथम श्री केसी मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री संजय पूनिया, श्री अमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।




# पंचायती राज विभाग की प्रतिभाओं का सम्मान

**जयपुर।** पंचायती राज विभाग समन्वय समिति की ओर से बुधवार को विभाग के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष बी.डी.कृपलानी ने बताया कि विभाग में ऐसी कई प्रतिभाएं हैं जो अपने कार्यालय सम्बन्धी दायित्वों को गंभीरता से पूरा करने के बाद भी विभिन्न क्षेत्रों में अपना दखल रखते हैं। ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित करने की एक सकारात्मक पहल समिति द्वारा प्रारम्भ की गई है। बुधवार को हुए एक आयोजन में कनिष्ठ विधि अधिकारी श्री शशिकांत गुप्ता का राजस्थान उच्च न्यायालय सिविल न्यायाधीश सेवा में चयन होने पर एवं वरिष्ठ सहायक श्रीमती शोभारानी गोयल की प्रथम कृति कहानी संग्रह नेविगेटर के प्रकाशन पर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर गुप्ता ने विभाग के कार्यकाल के अपने अनुभव साझा किए और श्रीमती शोभा ने कहानी संग्रह के पीछे की पृष्ठभूमि बताते हुए एवं कुछ कहानियों के सम्बन्ध में मूल भावना एवं संवदनाओं को रेखांकित किया। इस अवसर पर विभाग के अतिरिक्त आयुक्त श्री कैलाशचन्द शर्मा, सुश्री रौनक बैरागी, उपसचिव श्री घनश्याम शर्मा एवं वित्तीय सलाहकार श्री देवकीनन्दन शर्मा एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में जुड़े 5 लाख से अधिक नये परिवार : खाचरियावास

**जयपुर।** खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बताया कि राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 5 लाख 4 हजार 220 नये परिवारों को जोड़ा गया है। खाचरियावास ने बुधवार को यहां शासन सचिवालय में आयोजित खाद्य विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को शेष रहे 8 लाख 77 हजार 78 आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। खाचरियावास ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में आवेदन करने वाले 19 लाख 57 हजार 991 आवेदनों में से 39 हजार 957 आवेदन निर्धारित मापदण्ड पूरे नहीं करने के कारण निरस्त किये गये हैं। इसके अलावा 58 लाख 36 हजार आवेदन को विभिन्न कमियों एवं त्रूटियों के कारण वापस किया गया है। बैठक में खाद्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त कालूराम, उपायुक्त रामस्वरूप, राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम की महाप्रबंधक अलका मीणा, जिला रसद अधिकारी डॉ. अनुराधा गोगिया सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।































स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com